

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 002 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 17 अक्टूबर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में सात दिवसीय कार्यशाला 'आर्थिक वित्तीय साक्षरता' का हुआ समापन

*–सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण कार्यों में ही अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए : कुलपति*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के सहयोग से



जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में शिक्षक शिक्षा के उत्कृष्ठता केंद्र, अर्थशास्त्र विभाग तथा वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय संकाय संवर्द्धन कार्यशाला ह्यआर्थिक वित्तीय साक्षरताह्न रविवार को सम्पन्न हुई '

अंतिम दिवस के कार्यशाला के प्रथम सत्र में प्रो राम शर्मा, प्राचार्य श्री सुदृष्टि बाबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया ने सम्पोषी विकास और वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया ' द्वितीय सत्र में सप्तदिवसीय कार्यक्रम के संदर्भ में प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया ' आज के अंतिम सत्र में कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो कल्पलता पाण्डेय ने कहा कि व्यक्ति को आत्मविश्लेषण पर ध्यान देना चाहिए, छिद्रान्वेषण पर नहीं। इसके द्वारा व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का उत्तरोत्तर विकास करता है और किसी भी संस्थान और समाज के विकास में अपना सक्रिय और महत्त्वपूर्ण योगदान देता है । उन्होंने कहा कि ऊर्जा का कोई धर्म नहीं होता है। अतः सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण कार्यों में ही अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए ' सप्तदिवसीय कार्यशाला की सरांशिका और गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम सचिव डॉ प्रियंका सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ रमाकांत सिंह ने किया तथा मंच संचालन डॉ प्रमोद शंकर पाण्डेय ने किया ' इस अवसर पर जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, से डॉ.विजय शंकर पाण्डेय, डॉ.नीलमणि त्रिपाठी, डॉ.संदीप यादव, डॉ शशि भूषण, डॉ गुंजन



कुमार, डॉ.प्रज्ञा बौद्ध, डॉ.राम शरण यादव, डॉ रंजना मल्ल, डॉ अभिषेक त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार, डॉ रूबी, डॉ स्मिता, डॉ विवेक कुमार सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक और प्रतिभागीगण उपस्थित रहे '

# मुख्यमंत्री ने 04 अरब 19 करोड़ 75 लाख रु0 की 255 परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

## जनपद एटा में 12 हजार 300 करोड़ रु0 की लागत से विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाया जा रहा, इससे 1320 मेगावॉट विद्युत का उत्पादन होगा, यह जनपद को एक नई पहचान देगा




**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 16 अक्टूबर, 2022 को जनपद एटा में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए।**

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद एटा के जवाहर तापीय विद्युत परियोजना परिसर, मलावन में जनपद एटा के विकास से सम्बन्धित 04 अरब 19 करोड़ 75 लाख रुपये की 255 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज जनपद एटा नई पहचान व आभा के साथ आगे बढ़ रहा है। जनपद एटा में 12 हजार 300 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाया जा रहा है। यह अगले वर्ष शुरू होगा, जिससे 1320 मेगावॉट विद्युत का उत्पादन होगा। सरकार ने यह तय किया है कि मार्च, 2023 तक यहां पर 660 मेगावॉट की पहली यूनिट कार्य करना प्रारम्भ कर दे। जून, 2023 तक दूसरी यूनिट को पूरा करते हुए विद्युत उत्पादन का कार्य शुरू हो जाए। यह विद्युत उत्पादन संयंत्र एटा को एक नई पहचान देगा। साथ ही, यहां के विकास में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए जनपद एटावासियों को शुभकामनाएं दी।

**मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। उन्होंने कुछ युवाओं को स्मार्ट फोन वितरित किये।**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज जनपद एटा की पहचान विकास से होती है। जनपद एटा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अन्तिम चरण में है। एटा के जलेसर में बनने वाले घण्टे देश व दुनिया में धार्मिक अनुष्ठानों में बजकर यहां का स्मरण सभी को कराते हैं। यहां की घण्टी बजे बिना कोई अनुष्ठान पूरा नहीं होता है। ह्यएक जनपद एक उत्पादह्न योजना में प्रदेश सरकार ने जनपद एटा के साथ इसे जोड़ा है। जनपद अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मन्दिर निर्माण के बाद मन्दिर पर लगाने के लिए जनपद एटा में एक भव्य घण्टा बनना है। इसकी आवाज सनातन धर्म के डंके को देश तथा दुनिया में पहुंचाने का कार्य करेगी। राज्य सरकार जनपद एटा को नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यहां के जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन आपकी सुरक्षा के प्रति मजबूती से खड़े हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में इस संकल्प के साथ सभी को जोड़ा है। सभी भारतवासी आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में 75 वर्षों की सफलता की कहानी के साक्षी बन रहे हैं। 75 वर्षों की यह यात्रा इस रूप में अनुपम है कि भारत इस वर्ष ब्रिटेन को पीछे कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। यह भारत की प्रगति की नई कथा कहती है। आधारभूत संरचना के कार्य, हाईवे, पावर प्लाण्ट, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, एक्सप्रेस-वेज आदि के निर्माण, यह सभी विकास की नई कहानी कहते हैं। यह विकास की गति को तीव्रता प्रदान करते है। शासन की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उसके द्वार पर बिना किसी भेदभाव के पहुंचाने का कार्य हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शान्ति तथा समृद्धि के समय आम जन मानस तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह अच्छी बात है। लेकिन जब विपत्ति होती है, हर व्यक्ति अपनी जान को बचा रहा होता है, ऐसी स्थितियों में शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री जी के विजन के कारण सम्भव हो पाया है। कोरोना कालखण्ड में दुनिया के विकसित देश महामारी के सामने पस्त हो चुके थे। भारत दुनिया का एक मात्र देश था, जो जनता के जीवन और उनकी जीविका को बचाने के कार्य को मजबूती से आगे बढ़ा रहा था। देश में निःशुल्क टेस्ट, वैक्सीन और खाद्यान्न की सुविधा प्रत्येक गरीब तक पहुंचाने के कार्यक्रम युद्ध स्तर पर चल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के इस दौर में देश के 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न की सुविधा उपलब्ध करायी। उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को माह में दो बार निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का कार्य डबल इंजन की सरकार ने किया। 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोजेज देश में निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी। प्रदेश में अब तक 39 करोड़ वैक्सीन की डोजेज निःशुल्क उपलब्ध करायी जा चुकी हैं। यह सभी कार्य आम जनता के प्रति सरकार के रचनात्मक और संवेदनशील व्यवहार को प्रदर्शित करते हैं। यह शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम भी बना है।

## स्वर्गीय विरेन्द्र सिंह राणा की स्मृति में माता पार्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा** माता पार्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट, उत्तराखंड जन मोर्चा एवं देवभूमि स्पोर्टस फाउंडेशन द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन स्वर्गीय विरेन्द्र सिंह राणा जी की स्मृति में रविवार को सेक्टर 21 के नोएडा स्टेडियम में किया गया। उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ गोपाल कृष्ण थपलियाल जी एवं सम्मानित अतिथि अपर सचिव भारत सरकार मंगेश घिल्डियाल जी ने संयुक्त रूप से सिक्का उछाल कर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा, ह्यक्रिकेट टूनार्मेंट का उद्देश्य है कि खेलों को नया आयाम मिले और प्रतिभाओं को बेहतर मौके मिले। खेल आपसी भाईचारे का प्रतीक है।'



माता पार्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत फूल की माला पहनाकर किया। मौके पर अपर सचिव मंगेश घिल्डियाल जी ने कहा कि क्रिकेट खेल में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। आयोजनकर्ता महावीर सिंह राणा एवं सीमा रावत ने बताया कि इस पूरे उत्तराखंड से टूनार्मेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन मैच टीम उत्तराखंड एलेवेन और पौड़ी लायंस के साथ खेला गया। टॉस जीतकर उत्तराखंड एलेवेन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 112 रन ही बना सकी। जवाब में उतरी पौड़ी लायंस की टीम 5 विकेट खोकर 75 रन बना लिया। क्रिकेट टूनार्मेंट के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी आदित्य घिल्डियाल जी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

इस मौके अनुज अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, कैप्टन विकास गुप्ता, एनपी सिंह, सचिन अम्बावता, रजनीश अग्रवाल, कुम्मु जोशी भटनागर ने भी अपनी शुभकामनाएँ दी। स्टेडियम में इन सब के अलावा भी काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## प्रवासी महासंघ मनाएगा नोएडा स्टेडियम में छठ पूजनोत्सव ।

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा सेक्टर 33 में प्रवासी महासंघ के 30 अक्टूबर को होने वाला छठ पर्व को लेकर बैठक हुई जिसमें बैठक में छठ कुंड, छठ व्रतियों के रहने के लिए सुविधा, गंगाजल एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा हुई और सांस्कृतिक कार्यक्रम और मुख्य अतिथियों के बारे में चर्चा हुई ।इस बैठक में प्रवासी महासंघ के अध्यक्ष आलोक वत्स कार्यकारी अध्यक्ष टी एन चौरसिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश राय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनु सिन्हा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर राय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथिलेश राय सचिव जितेंद्र सिंह उपाध्यक्ष अभिनव उपाध्यक्ष मंजू शर्मा सचिव राकेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव पांडे उपाध्यक्ष सचिव सुबोध सिंह सुमन झा उपाध्यक्ष छोटे लाल शर्मा उपाध्यक्ष ममता तिवारी उपाध्यक्ष मीनाक्षी साही सचिव ममता पांडे सचिव मधु सिंह उपाध्यक्ष राजश्री गुप्ता उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह सचिव अखिलेश अखिलेश सिंह उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उपाध्यक्ष सोनू राय सहित प्रवासी महासंघ के सभी पदाधिकारी इस बैठक में उपस्थित रहे।



## शादीपुर में हिंदू लड़के की हत्या के बाद बवाल,क्षेत्र में तनाव

(हरेश उपाध्याय)दिल्ली :-शादीपुर में एक युवक की हत्या के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। शादीपुर के रहने वाले नितेश नाम के युवक की पीट-पीट कर हत्या की गई ।युवक की हत्या का आरोप मुस्लिम समुदाय के लड़कों पर लगा है ।फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है ।मृतक के परिवार का आरोप है कि गाली देने को लेकर झगड़ा हुआ था ।उसके बाद नितेश और उसके दोस्त आलोक की पिटाई भी की गई। उक्त मामला 12 अक्टूबर का है ।मारपीट के बाद घायल हुए नितेश का अस्पताल में इलाज चल रहा था और शनिवार ( 15 अक्टूबर ) देर रात नितेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया ।जिसके बाद मृतक के परिजनों ने पटेल नगर मेट्रो स्टेशन के नजदीक रेड लाइट पर शव रखकर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और नितेश का अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। परिवार की मांग है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो। पुलिस के समझाने के बाद परिवार ने शव को बीच सड़क से हटाया और अंतिम संस्कार किया। सैंट्रल दिल्ली की डीसीपी श्वेता चौहान ने हमें बताया



कि मृतक नितेश व आलोक का भी क्रिमिनल रिकोर्ड रहा है ।यद्यपि मामला संयोग से दो समुदाय का है लेकिन इसे सांप्रदायिक रंग न दिया जाए और पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है ।आरोपियों की पहचान उफीजा, अदनान,अब्बास के रूप में हो गई है और उन्हें शीघ्र गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।






## रामलीला मैदान में दिल्ली भाजपा का विशाल पंचपरमेश्वर सम्मेलन

(हरेश उपाध्याय) नई दिल्लीः- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज रामलीला मैदान से पंचपरमेश्वर सम्मेलन में शंखनाद करते हुए कहा कि जो राजनीतिक पार्टियां इतनी बड़ी संख्या में जनसभा नहीं कर पाती हैं, उतनी तो हमारे यहां कार्यकताओं का सम्मेलन हो जाता है। जे पी नड्डा ने रामलीला मैदान में एक लाख कार्यकताओं के बीच हुए इस विशाल पंचपरमेश्वर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने कई सारी योजनाएं चलाकर देश के करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचाने का काम किया है, लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने मोदी सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ गरीब लोगों को नहीं लेने दिया है। केजरीवाल सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में सिर्फ घोटाला किया और आज वह घोटालों की सरकार बन गई है। वरिष्ठ संवाददाता नीरज अवस्थी ने बताया कि नड्डा ने कहा कि आज जिसके तीन-तीन मंत्री जेल के अंदर हैं और पांच पांच विधायक बेल पर हैं। वह स्वच्छ शासन कैसे दे सकते हैं ?प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा द्वारा जो शंखनाद विजय संकल्प के रुप में किया गया है, उसकी आवाज यहां उपस्थित एक लाख से अधिक कार्यकताओं के माध्यम से



पूरे दिल्ली के दो करोड़ लोगों तक पहुंचने वाली है। यह विजय संकल्प आगे भी जारी रहेगा ।की अन्य वक्ताओं ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस विशाल पंचपरमेश्वर सम्मेलन में मुख्य रुप से केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी,राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी बैजयंत जय पांडा, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी,उपनेता प्रतिपक्ष मोहन सिंह बिष्ट, राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह-प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ हर्षवर्धन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गोयल, मनोज तिवारी,सतीशउपाध्याय एवं विजेन्द्र गुप्ता, सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रवेश साहिब सिंह, हंसराज हंस एवं गौतम गंभीर,प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन,असम के सह-प्रभारी पवन शर्मा, जम्मू-कश्मीर के सह-प्रभारी आशीष सूद, कार्यक्रम संयोजक हर्ष मल्होत्रा,प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल एवं दिनेश प्रताप सिंह, कार्यक्रम सह-संयोजक जयवीर राणा, पूर्व निगम पार्षद नीता बिष्ट,चौ प्रेम सिंह,राम दत्त पाण्डेय,इंद्रजीत पाली, राजेश मिश्रा,राकेश डेढ़ा उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला के अलावा भाजपा के सभी विधायक, प्रदेश, मोर्चा, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी भी मौजूद थें।

*माफिया मस्त, जनता त्रस्त। प्रशासन लाचार सुनों सरकार जनता की गुहार*

## मुखिया पति से रंगदारी मांगने के विरोध में मुखिया संघ ने संयुक्त रूप से बैठक कर सुरक्षा की लगाई गुहार

**दैनिक समाज जागरण**

**ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

चांदन/बांका/रविवार16 अक्टूबर को प्रखंड



मुख्यालय स्थित चांदन पंचायत के सरकार भवन में मुखिया संघ की सामुहिक रूप से बैठक कर जिला प्रशासन से सुरक्षा को लेकर गुहार लगाई है। बता दें कि इस प्रखंड क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सह पुर्व पंचायत समिति वर्तवान धनुवसार पंचायत मुखिया विंदू देवी पति भोला यादव से मोबाइल पर रंगदारी मांगने व जान मारने के विरोध में मुखिया संघ ने की बैठक। विदित हो कि चान्दन प्रखंड क्षेत्र के धनुवसार पंचायत के मुखिया बिंदु भारती के पति भोला यादव से बीते गुरुवार को कुछ अज्ञात बदमाशों ने मोबाइल पर धमकी देते हुए, पांच लाख रुपए रंगदारी की मांग किया गया था, नहीं देने पर जान मारने की धमकी भी मिला था। जिसे लेकर मुखिया पति भोला यादव ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा के लिए गुहार लगाए है। भोला यादव धनुवसार पंचायत के पूर्व पंसद समाजसेवी कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। इसको लेकर मुखिया संघ के तरफ से चान्दन सरकार भवन में चांदन प्रखंड के सभी मुखिया द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा पुलिस प्रशासन से बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस प्रशासन बीते पांच दिनों में रंगदारी मांगने वालों की गिरफ्तारी नहीं कर पाने को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन के विरुद्ध खेद प्रकट किया एवं पुलिस प्रशासन से न्याय का गुहार लगाते हुए बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई। बता दें कि जब से भोला यादव को फोन पर धमकी मिला है उस दिन से चांदन प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों में हड़कंप मच गया है। सभी जनप्रतिनिधियों का कहना है कि हम लोग क्षेत्र में काम के लिए आना-जाना हमेशा रहता है जिससे कोई अनहोनी घटना ना हो जाए जिसको लेकर बहुत बड़ा डर बना हुआ है। बैठक में मौजूद चांदन पंचायत के मुखिया अनिल कुमार, सिलजोरी पंचायत के मुखिया गुलटन रजक, बिरनियां पंचायत के मुखिया रंजीत पंडित, गौरीपुर पंचायत के मुखिया तारा देवी, कोरिया पंचायत के मुखिया मालती देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद मंडल, दक्षिणी बारने मुखिया तुलसी राजक एवं चांदन प्रखंड के सभी मुखिया जनप्रतिनिधि मौजूद थे सभी जनप्रतिनिधियों का एक ही मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द रंगदारी मांगने वाले को गिरफ्तार कर उस पर कानूनी कार्रवाई किया जाए।

# दीपावली मेरे बचपन की



प्रोफेसर कल्पलता पाण्डेय
कुलपति जननायक चंद्रशेखर
विश्वविद्यालय बलिया

मेरी दृष्टि में दीपावली सर्वाधिक आनंद से भरा पर्व है । 5 दिनों तक पर्वों को आनंद से मनाना मुझे बचपन से ही अच्छा लगता था ।धनतेरस को शाम के समय दीपक बाहर रखने से जो उत्साह प्रारंभ होता था ।वह भाई दूज पर गोवर्धन पूजा और भाई को कूट्टी मिठाई खिलाने तक बरकरार रहता था। उस समय मोमबत्ती के स्थान पर दीपक जलाने की प्रथा थी। अतः हम बच्चे दीपक की लंबी लंबी बत्तियां बनाने में लग जाते थे कि कौन अधिक बत्तियां बना रहा है। शाम को जब अंधेरा होने लगता था तो हम लोग इस फिक्र में डूबे रहते थे कि बाकी लोगों के दीपक जल जाए तब अपने घर में दीपक जलाएं जिससे सबसे अधिक देर तक हमारे घर के दीपक जले । दूसरे दिन अन्नकूट में 56 प्रकार के व्यंजन बनाए जाते थे जिसमें हम सबका कार्य पकवानों की गिनती करना होता था । दीपावली के पहले छोटी दीपावली अर्थात नरक चतुर्दशी को हनुमान जयंती भी मनाई जाती थी ।मेरी नानी का जन्म दिवस भी इसी दिन पड़ता था। अतः हमारे लिए यह दुगुने उत्साह का अवसर होता था। पटाखे आदि से मैं दूर रहती थी ।मुझे अभी भी पटाखे जलाना एकदम नहीं पसंद है अभी भी दीपावली में दीपों का पर्व मन को उत्साहित करता है अभी भी पूरे उत्साह के साथ मैं दीपावली मनाती हूं । रात में भड़ेहर भी भर कर अपने भाइयों एवं संसार के सभी भाइयों की लंबी आयु की कामना करती हूँ। परंपरा से चली आ रही कहानियों को पहले सुनती थी अब सबको सुनाती हूं । रात में काजल बना कर दूसरे दिन सुबह सब लोग काजल लगाते हैं बचपन में भोर में 3:00 बजे मेरी नानी पुराना सूप लेकर उसे दरिद्र को भगाती हुई उस सूप को बजाती थी ।वह अब नहीं होती है लेकिन सुबह की कहानी सुनकर घर के सभी सदस्यों को मेरी मां अभी भी काजल लगाती है ।इस पर्व में आनंद भरा हुआ है इसलिए दीपों के पर्व को उल्लास से मनाना चाहिए और पटाखे आदि से दूर रहकर पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखना चाहिए ।किसी भी राष्ट्र की परंपराओं को जीवंत रखना उसकी संस्कृति को जीवंत रखता है।

मैं इस पर समस्त बलिया वासियो एवं समस्त विश्व नागरिकों को ढेर सारी शुभकामनाएं देती हूं कि वह स्वस्थ रहें एवं अपने अंतरतम के दीपक को जलाकर ज्ञानवृद्धि हो और राष्ट्र को समृद्ध ज्ञान समाज की ओर ले चले।

# अहोई अष्टमी




**अहोई अष्टमी** का व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन किया जाता है। पुत्रवती महिलाओं के लिए यह व्रत अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। माताएं अहोई अष्टमी के व्रत में दिन भर उपवास रखती हैं और सायंकाल तारे दिखाई देने के समय अहोई माता का पूजन किया जाता है। तारों को करवा से अर्ध्य भी दिया जाता है। यह अहोई गेरू आदि के द्वारा दीवार पर बनाई जाती है अथवा किसी मोटे वस्त्र पर अहोई काढ़कर पूजा के समय उसे दीवार पर टांग दिया जाता है। अहोई अष्टमी का व्रत महिलायें अपनी सन्तान की रक्षा और दीर्घ आयु के लिए रखती हैं। इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्री कृष्ण द्वारा कंस के भेजे धोबी का वध प्रदर्शन किया जाता है।

**अहोई माता**

अहोई माता के चित्रांकन में ज्यादातर आठ कोष्ठक की एक पुतली बनाई जाती है। उसी के पास सेह तथा उसके बच्चों की आकृतियां बना दी जाती हैं। उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अहोई माता का स्वरूप वहां की स्थानीय परंपरा के अनुसार बनता है। सम्पन्न घर की महिलाएं चांदी की अहोई बनवाती हैं। जमीन पर गोबर से लीपकर कलश की स्थापना होती है। अहोई माता की पूजा करके उन्हें दूध-चावल का भोग लगाया जाता है। तत्पश्चात एक पाटे पर जल से भरा लोटा रखकर कथा सुनी जाती है।

**अहोई अष्टमी व्रत कथा**

**अहोई अष्टमी व्रत की दो लोक कथाएँ प्रचलित हैं–**

**प्रथम कथा**

प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा-पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुःख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था? वह शोकाकुल पश्चाताप करती हुई अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गए। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जान-बूझ कर कभी कोई पाप नहीं किया। हाँ, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अंजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई। यह सुनकर पास-पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी अराधना करो और क्षमा-याचना करो। ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जाएगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा-याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई।

**द्वितीय कथा**

प्राचीन काल में दतिया नगर में चंद्रभान नाम का एक आदमी रहता था। उसकी बहुत सी संतानें थीं, परंतु उसकी संतानें अल्प आयु में ही अकाल मृत्यु को प्राप्त होने लगती थीं। अपने बच्चों की अकाल मृत्यु से पति-पत्नी दुःखी रहने लगे थे। कालान्तर तक कोई संतान न होने के कारण वह पति-पत्नी अपनी धन दौलत का त्याग करके वन की ओर चले जाते हैं और बद्रिकाश्रम के समीप बने जल के कुंड के पास पहुंचते हैं तथा वहीं अपने प्राणों का त्याग करने के लिए अन्न-जल का त्याग करके उपवास पर बैठ जाते हैं। इस तरह छह दिन बीत जाते हैं तब सातवें दिन एक आकाशवाणी होती है कि हे साहूकार! तुम्हें यह दुःख तुम्हारे पूर्व जन्म के पाप से मिल रहे हैं। अतः इन पापों से मुक्ति के लिए तुम्हें अहोई अष्टमी के दिन व्रत का पालन करके अहोई माता की पूजा-अर्चना करनी चाहिए, जिससे प्रसन्न हो अहोई माता तुम्हें पुत्र प्राप्ति के साथ-साथ उसकी दीर्घ आयु का वरदान देंगी। इस प्रकार दोनों पति-पत्नी अहोई अष्टमी के दिन व्रत करते हैं और अपने पापों की क्षमा मांगते हैं। अहोई माँ प्रसन्न होकर उन्हें संतान की दीघार्यु का वरदान देती हैं। आज के समय में भी संस्कारशील माताओं द्वारा जब अपनी सन्तान की इष्टकामना के लिए अहोई माता का व्रत रखा जाता है और सायंकाल अहोई माता की पूजा की जाती है तो निश्चित रूप से इसका शुभफल उनको मिलता ही है और सन्तान चाहे पुत्र हो या पुत्री, उसको भी निष्कंटक जीवन का सुख मिलता है।

बैठकी

# भारतीय संविधान-"राजनीति लाभ का क्षेत्र नहीं"




क्या कहुँ प्रो. साहब ! मेरे गोतिया में एक लड़का इस्त्रमें है छूट्टी में गांव आया है पेंशन को लेकर,राजनीतिक दलों की जबरदस्त आलोचना कर रहा था ।--मास्टर साहब पँखे के नीचे आसन ग्रहण करते हुए बोले।

ठीक कह रहा था ये हरामखोर राजनेता , एम एल ए, एम पी हुए तो लाखों का वेतन, भत्ता साथ में अपने और पत्नी के लिए आजीवन पेंशन! यही नहीं बल्कि, दो,दो- तीन, तीन पेंशन एक साथ लेते हैं और ये हमारे अर्धसैनिक जवान ,अपनी जिंदगी दाव पर लगाकर 30 -40 बर्ष देश की सेवा करते हैं लेकिन उनके लिए पेंशन नहीं ! हरमजदई की हद है !! - प्रो. कुंवरजी, अखबार एक ओर रखते हुए बोले

ठीक बोले कुवँर जी !ये राजनीतिक पार्टियां और नेताओं ने तो देश का बेड़ा गर्क कर दिया है। सालों को, जब अपना वेतन भत्ता बढ़ाना होता है तो सभी दल वाले एक हो जाते हैं ।विरोधी पार्टियां भी साथ में हो जाती हैं। चोर चोर मौसेरे भाई, हरामखोर कहीं के!!--मास्टर साहब क्षुब्ध थे।

अब देखिये चाहे कश्मीर की बात हो या नक्सलाइटों से संघर्ष की, हमारे अर्धसैनिक हमेशा जोखिमों में होते हैं और ऐसे लोगो के लिए सरकार के पास पेंशन के लिए पैसा नहीं होता जबकि देश को लूटने वाले इन नेताओं के लिए खजाना खुला रहता है !!!--बहस में मैं भी शरीक हो लिया।

हमारे सैनिकों से कम जोखिम भरा ड्यूटी अर्धसैनिकों का भी नहीं है ।पेंशन तो इन्हें भी मिलना ही चाहिए।--हैदर भाई ने अपनी बात रखी।

अच्छा ये खाकपति नेता कुछ सालों में अरबपति बन जाते हैं !इनकी जाँच कर इन्हें दण्डित क्यों नहीं किया जाता ?--मास्टर साहब ने बहस का नया मुद्दा उठा दिया।

अरे भइया कौन जाँच बैठायेगा ? सभी तो एक हीं डाल पर बैठे हैं, सभी के सभी एक हीं थैली के चिट्ट-बिट्टे जो हैं। हाँ, पब्लिक को मूर्ख बनाने के लिए अगर जाँच बैठी भी तो नतीजा जीरो हीं निकलता है ।हमारे देश में सैकड़ों भ्रष्ट नेताओं की सूची है लेकिन सभी बेदाग बनकर, लोकतंत्र का मजा लूट रहे हैं और आम जनता बेबसी से टुकुर टुकुर देखती भर है।---कुँवरजी के चेहरे से साफ बेबसी नजर आ रही थी।

क्या कहा जाय !इन्हीं सब कारणों से तो आज अधिकाशं भारतीयों का अपने संविधान से विश्वास उठता जा रहा है` अधिकांश नेतागण खाकपति से अरबपति,खरबपति बन गये`सभी देखते हैं,जानते हैं लेकिन उनके उपर कोई उंगली नहीं उठाता` मसलन -- मुलायम सिंह को लिजिये, मामुली प्राइमरी स्कूल टीचर,राजनीति में आकर अरबपति बन गये` मायावती जो 50 रुपये के दुपट्टा की मुहताज थी और दिल्ली के एक हीं कमरे में पुरा परिवार रहने को मजबूर था,साइकिल पर चला करती थी, राजनीति में आने के बाद 250-300 करोड़ के बंगले में रहती है और भतीजा सैकड़ों कंपनियों का मालिक है` आइये लालूजी को देखिये - चपरासी के क्वार्टर में परिवार सहित रहने वाला, जिनकी पत्नी नगरपालिका के नलपर बर्तन धोया करतीं थीं,लालू के राजनीति में आने के बाद उनके बच्चे- बच्चियाँ हजारों करोड़ के मालिक बन गये` यही हाल ममताबनर्जी के भतीजे या देश के अन्य राजनितिज्ञों की रही है` जबकि हमारे संबिधान में राजनीति का क्षेत्र सेवा का माना गया है आर्थिक लाभ का नहीं!!!---श्रीनिवास जी(मास्टर साहब)लम्बा श्वांस छोड़ गये।

जबकि आज हमारे देश में स्पष्ट दिखता है कि राजनीति से अधिक कमाई और उस कमाई की सुरक्षा, अन्य किसी क्षेत्र में नहीं आखिर इन समस्याओं का कोई तो निदान होगा !!! आपका क्या विचार है पाठक जी !!--हैदर भाई मेरी ओर मुखातिब हुए।

देखिये प्रो. साहब !आप मेरी राय जानना चाहते हैं तो मैं देख रहा हूँ कि प्रजातंत्र की अच्छाइयों की जगह हमने उसके नाकारात्मक पक्ष को अधिक अपनाया है।आज हमारा लोकतंत्र जाति और धर्म के सिवा कोई दुसरा विकल्प नहीं देखता। जो सारी विकृति के जड़ में है ।हम स्वतंत्रता के मूल्यों को समझ नहीं पाये।अपने को नियंत्रित करने के बजाय स्वछंद हो गये हैं ऐसी स्थिति में देश को पुनः स्वतंत्रता के मूल्य को समझने के लिए कम से कम 10 साल मिलिट्री शासन लगना चाहिये जो अखण्ड भारत के लिए अति आवश्यक दिख रहा है पुरे देश में भ्रष्टाचार, घूसखोरी, भाई भतीजावाद, जातिवाद और धार्मिक कट्टरता का जो आलम नजर आ रहा है वो राष्ट्रीय अस्मिता पर प्रश्नचिह्न पैदा करने लगा है इसलिये मेरी निगाह में मिलिट्री शासन एक विकल्प दिख रहा है वो भी सही हाथों में हो तब अन्यथा इस देश का भगवान हीं मालिक है।--मैंने अपनी राय रख दी

नहीं ये हमें ठीक नहीं जँचा।--मास्टर साहब ने प्रतिवाद किया।

क्यों मास्टर साहब !आरक्षण खत्म होने का डर सताने लगा है क्या---कुँवरजी बोल पड़े।

एकबारगी सभी का ठहाका गुँज उठा।

चलिये अब चला जाय !--हैदर भाई उठ गये और बैठकी उठ गयी।-

**---प्रो. राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# राशि फल

**आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।**

**17 अक्टूबर 2022 राशिफल इस सप्ताह 3 ग्रहों का होगा गोचर, वृष और मकर राशि वालों को धनलाभ के योग, जानें बाकी राशियों का हाल वैदिक ज्योतिष अनुसार इस सप्ताह 3 ग्रहों का गोचर होने जा रहा है। इस गोचर से वृष और मकर राशि के लोगों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। आइए जानते हैं अन्य राशियों का हाल**




**मेष राशि** नफरत की भावना महंगी पड़ सकती है. यह न केवल आपकी सहन-शक्ति घटाती है, बल्कि आपके विवेक को भी जंग लगा देती है और रिश्तों में हमेशा के लिए दरार डाल देती है. पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा. आप अपनी परेशानियों को भूलकर परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे. समय, कामकाज, पैसा, यार-दोस्त, नाते-रिश्ते सब एक ओर और आपका प्यार एक तरफ, दोनों आपस में खोए हुए झ कुछ ऐसा मिजाज रहेगा आपका आज. आपका प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको दूसरों से आगे रखने में मदद करेगा. आपको अपने दायरे से बाहर निकलकर ऐसे लोगों से मिलने-जुलने की जरूरत है, जो ऊँची जगहों पर हों.

**वृषभ राशि / वृष राशि** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा. पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है. क-हीं अच्छी जगह पर घूमने का प्लान भी कर सकते हैं. इस राशि के अवि-वाहित लोगों की लव लाइफ अच्छी रहेगी. बिजनेस में कुछ नए लोग आपसे जुड़ सकते हैं. आप बोलने के बजाय सुनने पर ज्यादा ध्यान देंगे, तो अच्छा रहेगा. सामाजिक कामों के लिए लोगों से मुलाकात हो सकती है, आपका मान-सम्मान बढ़ेगा. गायत्री मंत्र का जाप करें, दोस्तों का सहयोग प्राप्त होगा.

**मिथुन राशि** आज जल्दबाजी में किसी गलत निर्णय से बचना होगा. धैर्य का साथ न छोड़ें और संयमित रहें. मित्रों तथा सगे-सम्बंधियों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे. कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत रंग लाएगी. बार-बार लगातार किया गया प्रयास आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा. नौकरी में पदोन्नति के मौके मिल सकते हैं. कम मेहनत में भी अच्छे परिणाम मिलने के योग हैं. समय के साथ आपको अपने जीवन में नया परिवर्तन देखने को मिलेंगे. आपका व्यापार तेजी से प्रगति करते हुए आगे बढ़ेगा.

**कर्क राशि** भले ही आप उत्साह से लबरेज हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे की कमी महसूस करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है. आपको कमीशन, लाभांश या रोयल्टी के जरिए फायदा होगा. बच्चे आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे. अचानक हुई रोमांटिक मुलाकात आपके लिए उलझन पैदा कर सकती है. अपने काम में तेजी लाने के लिए आप तकनीक से जुड़ी चीजों में निवेश कर सकते हैं. भरपूर रचनात्मकता और उत्साह आपको एक और फायदेमंद दिन की ओर ले जाएंगे. किसी बच्चे या बूढ़े के स्वास्थ को लेकर हुई परेशानी अप्रत्यक्ष रूप से आपके वैवाहिक जीवन को प्रभावित कर सकती है.

**सिंह राशि** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा. ऑफिस में सहकर्मी आपके काम का विरोध कर सकते हैं. हालांकि कुछ सहकर्मी आपके पक्ष में भी रहेंगे. आपके सकारात्मक विचारों से बॉस काफी खुश होंगे, आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट मिल सकती है. आज आपका किसी से वाद-विवाद हो सकता है, इसलिए हर मसले पर अपनी राय ना दें. बहते जल में तिल प्रवाहित करें, आपका दिन अच्छा जायेगा.

**कन्या राशि** आज संतान से जुड़ी समस्याएं सामने आ सकती हैं. प्रेम-प्रसंग से जुड़े मामले में चला आ रहा विवाद दूर होगा. किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा. परिवार के साथ समय बिताएंगे. सरकारी कार्य आसानी से पूरे हो जाएंगे. कार्यक्षेत्र में सबसे बेहतर कार्य करने की कोशिश करेंगे. कॉन्फिडेंस अधिक रहेगा लेकिन गलत फायदा न उठाएं. आज बहस करने से बचें. धन कमाने के बहुत से अवसर प्राप्त होंगे जीवन साथी के साथ किसी अच्छी जगह घूमने का प्लान बना सकते हैं.

**तुला राशि** मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको खुश रखेंगे और सुकून देंगे. पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा. आपकी स्वच्छन्द जीवनशैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और ज्यादा खर्च करने से बचें. आपका रुमानी संबंध आज थोड़ी परेशानी में पड़ सकता है. कामकाज के दौरान तनाव आपकी मानसिक शान्ति भंग कर सकता है. अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखें.

**वृश्चिक राशि** आज आपका दिन महत्वपूर्ण रहेगा. सामने आई चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे. इस राशि के लोग किसी अपने की मदद कर सकते हैं. इससे आपको खुशी मिलेगी. जीवनसाथी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं. किसी प्रोग्राम की प्लानिंग बन सकती है. परिवार के लोगों में आपसी तालमेल बना रहेगा. कुछ नया करने की सोच सकते हैं.हनुमान मंदिर जाकर भगवान का आशीर्वाद लें, जीवन में दूसरों का सहयोग मिलता रहेगा.

**धनु राशि** आज आपको अपने काम में दिलचस्पी बढ़ाने के लिए अपना ज्ञान बढ़ाना है, घर और परिवार से जुड़े चिंताओं को बेहतर तरीके से संभालना है. अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर दबाव न डालें. यह इसके लिए सही समय नहीं है. अपने वर्तमान संगठन में अधिक ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करना सबसे अच्छा होगा. आपके काम की सराहना होगी. सरकारी क्षेत्र के अटके कार्य फिर से चल पड़ेंगे. खर्च थोड़ा संभल कर करें. आपको भविष्य को देखते हुए कुछ शेविंग्स भी करनी चाहिए.

**मकर राशि** तनाव से बचने के लिए अपना कीमती वक़्त बच्चों के साथ गुजारें. आप बच्चों की उपचार करने की शक्ति महसूस करेंगे. वे आध्यात्मिक तौर पर धरती पर सबसे ज्यादा ताकतवर और भावनात्मक लोग हैं. उनके साथ आप खुद को ऊर्जा से लबरेज पाएंगे. जरूरत से ज्यादा खर्च करने और चालाकी-भरी आर्थिक योजनाओं से बचें. सबको अपनी महफिल में दावत दें. क्योंकि आपके पास आज अतिरिक्त ऊर्जा है, जो आपको किसी पार्टी या कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए प्रेरित करेगी. आपके ईमानदार और जिंदादिल प्यार में जादू करने की ताकत है. सहकर्मियों और वरिष्ठों के पूरे सहयोग के चलते दफ़्तर में काम तेज रफ़्तार पकड़ लेगा.

**कुंभ राशि** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा. रूके हुए काम किसी मित्र की मदद से पूरे हो जायेंगे. आपको किसी अपने से खुशखबरी मिलेगी. बिजनेस में नए आईडिया मिलेंगे. मन में उदारता रहेगी. घर-परिवार से जुड़े मामले निपटाने में समय बीतेगा. परिवार में कोई मामला या कोई काम बहुत समय से अटका पड़ा है, तो आज आप उसे सुलझाने की पहल कर सकते हैं. मंदिर में मिठाई दान करें, कारोबार में बढ़ोतरी होगी.

**मीन राशि** आज आपको पुराने कर्ज को वापस करने में कई समस्याएं आ सकती हैं. आज का दिन प्यार मामलों के मामले में बहुत खास होगा. परिवार में किसी को सुधारने का जिम्मा आप खुद उठा सकते हैं. आपके खर्चे बजट को बिगाड़ सकते हैं और इसलिए कई योजनाएँ बीच में अटक सकती हैं. आज आप अपने दिमाग और व्यक्तित्व को अच्छी तरह से समझने की कोशिश करेंगे. आपको कई अप्रत्याशित सुखद समाचार मिलेंगे. पारिवारिक सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ सुखमय दिन गुजरेगा.

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# बांसडीह शराब की दुकान का 147 पेटी शराब जयप्रकाश नगर पुलिस ने पकड़ा

शराब तस्करी का मामला : पुलिस को मिला माल लदा ट्रैक्टर भी पर धोखा देकर चालक भागने में सफल : बलिया में थोक विक्रेता संगीता देवी के गोदाम से हुआ है माल का उठान

**सत्यप्रकाश सिंह, दैनिक समाज जागरण**

रानीगंज (बलिया) : जिले में अवैध शराब की तस्करी रोकने में पुलिस मनोयोग से सक्रिय है। तस्करों का माल अधिकतर पकड़ा जा रहा है। इसी क्रम में बैरिया थाने की जयप्रकाश नगर पुलिस चौकी ने 147 पेटी 8ढट शराब के फ्रुटी की पेटी पकड़ा है। शराब लदा ट्रैक्टर तो बरामद है पर चालक पुलिस को धोखा देकर भागने में सफल रहा है।



जयप्रकाश नगर चौकी इंचार्ज ने बिहार तस्करी के लिए जा रही शराब की बड़ी खेप को पकड़ा है। शराब बांसडीह क्षेत्र के फुटकर विक्रेता निवेदिता सिंह पत्नी गोपाल सिंह के दुकान का माल है वहीं इसका उठान थोक विक्रेता संगीता देवी के यहां से उठान है। पुलिस और आबकारी विभाग मामले की जांच में जुटा है। यक्ष प्रश्न है कि बांसडीह के लिए उठा माल जयप्रकाश नगर तक क्यों और कैसे पहुंचा।

# बुल्डोजर की कार्रवाई को पुलिस का दिखावा बता लोग उतरे सड़क पर

**संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : सिकरहटा में बेहोशी अवस्था में मिली किशोरी की घटना में कथित आरोपित के दुकान के आगे सड़क किनारे अतिक्रमण कर डाले गए टीनशेड को गिराए जाने के बाद स्थानीय लोग बुल्डोजर की कार्यवाई को पुलिस का दिखावा मानकर आक्रोशित हो उठे और सड़क पर उतर आए तथा जनप्रतिनिधियों को मौके पर आने की मांग करने लगे।

लोगों का तर्क था कि अगर गिराना ही था तो पूरी दुकान गिरायी जाती नहीं तो केवल टीनशेड गिराकर आग में घी डालने का काम पुलिस द्वारा क्यों किया गया। पुलिस का रविवार की सुबह कथित आरोपी के साथ मुठभेड़ हुई। उसके कुछ घण्टे बाद



नगरा भीमपुरा मार्ग पर ताड़ीबड़ागांव चट्टी पर कथित आरोपी के दुकानपर डाले गए टीनशेड को ढहा दिया गया। उधर आरोपी के दुकान पर जेसीबी के चलने की बातें क्षेत्र में दौड़ने लगी। जिसे सुन लोग चट्टी की तरफ निकल पड़े। वहां जाने के बाद लोगों ने देखा तो दुकान के आगे टीनशेड डालकर अतिक्रमण किये गए भाग को ही गिराया गया था जिसके बाद लोग पुलिस के खिलाफ उग्र हो गए। और सड़क जाम कर दिया। जाम के बाद सीओ रसड़ा भी पहुंच गए। जाम लगने वाले लोग तर्क करने लगे कि गिराना ही था तो पूरी दुकान गिराया जाता नहीं तो सिर्फ अतिक्रमण को साफ कराकर विद्वेष की भावना क्यों पैदा की जा रही है। सड़क पर उतरे लोगों से नगरा भीमपुरा सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। पुलिस हलकान हो गयी। सीओ रसड़ा के आश्वासन और सूझ बूझ से ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया।

# कार के धक्के से बृद्ध घायल

**अतुल राय, दैनिक समाज जागरण**

नवानगर (बलिया) : सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव में शनिवार की देर रात्रि सड़क पार कर रहे 67 वर्षीय बृद्ध की कार से टक्कर लगने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी पारस नाथ गुप्ता 67 वर्ष रात्रि में गांव में ही सड़क पार कर रहे थे। कि अचानक तेज गति से आ रही कार ने धक्का मार दिया। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन तत्काल उन्हें लेकर सीएचसी सिकंदरपुर गए । जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## बाढ़ के पानी में बह कर आया हिरण का बच्चा

**अतुल राय, दैनिक समाज जागरण**

नवानगर (बलिया) : स्थानीय क्षेत्र के लिलकर गांव में शनिवार की शाम हिरण का एक बच्चा बाढ़ का पानी के सहारे पहुंच गया था।



गांव के दलित बस्ती में इधर उधर घूम रहे हिरण के बच्चे को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर बांध लिया गया व पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे वन विभाग को पुलिस प्रशासन के सामने ग्रामीणों ने सुपुर्द कर दिया। जिसे लेकर विभागीय चले गए। उधर ग्रामीणों का कहना है पानी गांवों में घुसने से खतरनाक जलीय जंतुओं के आने का खतरा भी बढ़ गया है।

## रेवती गैस एजेंसी के मालिक राजेश गौतम को मिला चेयरमैन पैनल बेस्ट आफ इंडिया अवार्ड

**ऋतुराज तिवारी बिन्दु, दैनिक समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा उदयपुर राजस्थान के अरावली होटल में आयोजित एक समारोह में रविवार को गौतम इंडेन गैस सेवा केन्द्र रेवती के प्रो० राजेश गौतम को एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर आईओसीएल चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य के द्वारा चेयरमैन पैनल बेस्ट अवार्ड आफ इंडिया से सम्मानित किया।




इस अवार्ड के लिए उत्तर प्रदेश से लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी व बलिया से मात्र चार लोगों को चयनित किया गया था।श्री गौतम को सम्मानित किए जाने की सूचना मिलते ही इंडेन गैस सेवा केन्द्र रेवती के कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। मैनेजर संजीव प्रजापति, विक्की सिंह आदि के साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर उर्फ कनक पांडेय, समाजसेवी अतुल उर्फ बबलू पांडेय, अमित पांडेय पप्पू, मांडलू सिंह,ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी सिंधु,वरिष्ठ पत्रकार राम प्रताप तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी है।

# टीएस बंधे के किलोमीटर 64 के सामने का रिंग बंधा पानी के दबाव से टूटा

**ऋतुराज तिवारी, रीतेश तिवारी**

रेवती/सहतवार (बलिया) : क्षेत्र के टीएस बंधे के किलोमीटर 64 के सामने का रिंग बंधा बाढ़ के पानी की दबाव की वजह से टूट गया। सूचना





मिलते ही मौके पर पहुंचे बाढ़ विभाग के लोगों द्वारा इसी बैग मिट्टी रेत आदि डालकर बंदे को भरने का कार्य जारी है।

रिंग बंधे में शनिवार से ही रिसाव हो रहा था जिसको संबंधित विभाग द्वारा बोरी आदि डालकर बचाने का निरर्थक प्रयास किया गया। रविवार के दिन दोपहर करीब 2:00 बजे रिंग बंधा बाढ़ के पानी की दबाव की वजह से टूट गया। बंधा टूटने की सूचना मिलते ही मौके पर विधायक प्रतिनिधि विश्राम सिंह पहुंच गए तथा खुद बोरी आदि डालने लगे। रिंग बांध टूटने की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई तथा मौके पर एक्सियन संजय मिश्र एसडीएम बांसडीह राजेश कुमार गुप्ता, एई अमृतलाल, तहसीलदार प्रवीण कुमार सिंह,नायब तहसीलदार अंजू यादव, प्रभारी निरीक्षक सहतवार वीरेंद्र कुमार मिश्र एवं प्रभारी निरीक्षक रेवती हरेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए तथा मजदूरों एवं ग्रामीणों की सहायता से मिट्टी बालू आदि से भरी बोरियों को डालकर कटे हुए रिंग बंधे को भरने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान योगेन्द्र यादव, रामदेव यादव, रविन्द्र यादव, हरेराम यादव, शिवकुमार प्रसाद, जितेन्द्र साह का कहना है कि रिंग बंधा अगर नहीं बच पाता है तो क्षेत्र की लगभग 400 आबादी तथा सैकड़ों एकड़ फसल लेकर प्रभावित होगी। बीते 4 दिनों से बंधे में रिसाव हो रहा था। जहां संबंधित विभाग द्वारा बोरिया आदि डालकर बचाव कराया जा रहा था लेकिन रविवार के दिन रिंग बंधा दूसरी जगह से टूट गया।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों का निरीक्षण कर सांसद ने जाना लोगों का दर्द

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

**सिकंदरपुर (बलिया)** : सलेमपुर के सांसद रविन्द्र कुशवाहा व राज्य सभा सांसद सकलदीप राजभर ने रविवार को सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के डूहा, विहरा, मठिया, कठौड़ा सहित कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों का निरीक्षण किया सांसद ने लोगों की हर संभव मदद का अश्वासन भी दिया।



निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा कि नदियों का जल स्तर कम हो रहा है। जिन क्षेत्रों में अभी भी समस्या है वहाँ राहत कार्य तेजी से किये जा रहे है । जल्द ही इन समस्याओं का निस्तारण कर लिया जाएगा। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जमाव से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक रहे। किसी भी समस्या का त्वरित संज्ञान ले। सांसद ने कहा कि देश व प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी जनसेवा के लिए प्रतिपल तत्पर हैं। कोरोना जैसी वश्विक महामारी से जहां लोगों को राहत दी ,वही बाढ़ से उत्पन्न समस्याओ के लिए भी सरकार तत्पर हैं। इस मौके पर बाढ़ विभाग के अधिकारियों के साथ साथ उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर, क्षेत्रीय लेखपाल, रमापति राजभर, अरविंद राय, ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी, गुड्डू सिंह, अजय सिंह, अशोक कुशवाहा, दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# रामलीला : लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण एवं मेघनाद वध का हुआ मंचन

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : स्थानीय नगर पंचायत स्थित बीका भगत के पोखरे पर चल रही रामलीला में शुक्रवार को कलाकारों ने हनुमान-मेघनाद संवाद, कालनेमि की माया, लक्ष्मण को शक्ति बाण लगने का आकर्षक मंचन किया गया।



मंचन के प्रथम दृश्य में प्रभु श्रीराम वानर सेना के साथ लंका पर आक्रमण की योजना बनाते, युद्ध शुरू होते ही रावण के एक से बढ़कर एक पराक्रमी योद्धा धराशायी होते जाते हैं। सारे योद्धा के मारे जाने के बाद रावण की तरफ से मेघनाद युद्ध के लिए आता है, मेघनाद की पहली मुलाकात हनुमान जी के साथ होती है। मेघनाद,लक्ष्मण पर शक्ति बाण का प्रयोग करता है, फलस्वरुप लक्ष्मण मुर्छित होकर जमीन पर गिर जाते हैं। हनुमान जी उन्हें वहां से उठाकर भगवान श्रीराम के पास ले आते हैं। जहां प्रभु राम लक्ष्मण जी की हालत को देखकर बिलख-बिलख कर रो पड़ते हैं। रामजी का विलाप सुनकर दर्शक भी अपने आंसू नहीं रोक सके। इसी बीच जामवंत ने लंका से सुषेण वैद्य को लाने की बात कही जाती है। जिस पर हनुमान जी लंका जाकर सुषेण वैद्य को ले आते हैं। वैद्य ने संजीवनी बूटी द्वारा ही लक्ष्मण जी के उपचार करने की युक्ति बताने के साथ ही कहते हैं कि यदि सूर्योदय से पूर्व संजीवनी बूटी नहीं आई तो लक्ष्मण जी का प्राण बचाना असंभव होगा। उसी समय तत्काल हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने के लिए चले जाते हैं। रास्ते में कालनेमि नामक अपनी तमाम माया फैलाकर हनुमान जी का रास्ता रोकने का प्रयास करता है। कालनेमि स्वयं एक साधु का रुप धारण कर हनुमान जी से गुरुमंत्र लिए जाने को कहता है। तालाब में स्नान करने गए हनुमान जी को एक मछली ने कालनेमि की माया के बारे में बता देती है। हनुमान जी कालनेमि की माया को समाप्त करते है। पर्वत सहित संजीवनी बूटी लेकर लंका पहुंचते हैं। यहां लक्ष्मण जी की संजीवनी बूटी खाकर जान बच जाती है। इसके बाद लक्ष्मण युद्ध में मेघनाद का वध कर देते हैं। मेघनाद के पश्चात कुंभकर्ण युद्ध करने आता हैं। प्रभु श्रीराम उसका भी वध कर देते है। इस दौरान संगीतमय भजनों की भी सुमधुर प्रस्तुतियां दी गई। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक मौजूद रहे।

# एक सप्ताह पूर्व गुमशुदा युवक पहुंचा घर, परिजनों ने ली राहत की सांस

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : एक सप्ताह पूर्व घर से पढ़ाई के लिए निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने गड़वार थाने में दर्ज करवाई थी। शनिवार को युवक के घर वापसी से परिजनों ने राहत की सांस ली। गड़वार थाना क्षेत्र के नूरपुर ( कुमार के डेरा ) निवासी स्व०सर्वजीत चौहान का 20 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार 10 अक्टूबर कोअपने घर से सुबह 9 बजे के करीब पढ़ने के लिए साइकिल से गड़वार स्थित नेहरू आइटीआई में गया था। लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने उसके मोबाइल पर बात करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल स्वीच आफ था। परिजनों ने अगले दिन अपने परिचितों के यहां खोजने के बाद गड़वार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। युवक के भाई ने बताया कि 11 अक्टूबर को अपने मोबाइल से मैसेज भेजा कि मुझे अपहरण कर लिया गया है जल्दी से दो लाख रुपए हमारे खाते में भेज दिजिए। पुलिस ने जब उसके मोबाइल को सर्विलांस के जरिए ट्रेसिंग किया तो उसका लोकेशन लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन के इर्द गिर्द बता रहा था। गड़वार पुलिस द्वारा लखनऊ पुलिस को इसकी सूचना दी। इसी बीच 13 अक्टूबर को फोन से घर वालों को सूचना दिया कि रात आठ बजे के करीब अपहरणकताओं के चंगुल से हम भाग आए है।हम सुबह गाड़ी पकड़कर गांव वापस आ रहे है। जब गांव वापस नही लौटा तो परिजन



अगले दिन उसकी तलाश में लखनऊ पहुंचे लेकिन युवक से मुलाकात नही हो पायी। स्टेशन पर इधर-उधर तलाश करने के बाद वापस लौट आए लेकिन उक्त युवक घर वापस नही लौटा। शनिवार को सुबह फोन किया कि हम पचखोरा आ गए है। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान विक्रमा वर्मा सहित उसके परिजन पचखोरा पहुंचकर उसे घर ले आए और इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक ने बताया कि कोचिंग की पढ़ाई के लिए हमने घर वालों से अपहरण का झूठा ड्रामा किया था ताकि घर वाले मुझे दो लाख रुपए दे ताकि हम बाहर में कोचिंग की पढ़ाई कर सके। वहीं पुलिस के डर से बलिया में आकर अपने एक परिचित के यहां रुके थे।

# किशोरी को आरोपी हत्या की नियति से ले गया था आरोपी पुलिस अधीक्षक ने कहा दुष्कर्म की चिकित्सकीय पुष्टि नहीं

**संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : किशोरी को आरोपी नौशाद हत्या की नियति से ले गया था। चिकित्सको से कराई गयी प्रारंभिक जांच मे दुष्कर्म की पुष्टि नही हुई है। किशोरी का इलाज चल रहा है। होश मे आने के बाद उसके बयान के आधार आगे की कार्यवाई की जायेगी। इसका खुलासा पुलिस अधीक्षक ने नगरा थाने में पत्रकार वार्ता के दौरान किया।




बताया कि 15 अक्टूबर को 6 बजे प्रातः किशोरी घायल अवस्था में सिकरहटा गांव के बाहर पुलिया के पास पडी मिली। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नगरा मौके पर पहुंच कर पीएचसी नगरा ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया । उसके पश्चात बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल बलिया से ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध मे पीडिता के पिता द्वारा थाने मे 15 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनावरण हेतु कुल 4 टीमें बना कर कार्यवाई प्रारंभ की गयी। इसी क्रम में सर्विलांस टीम, स्वाट टीम को भी लगया गया.। तत्पश्चात घटना से संबंधित कई संदिग्धों को बुलाकर पूछताछ व दबिश दिया गया। कार्यवाई के दौरान प्रमाणित साक्ष्य मिलने पर नौशाद अंसारी निवासी ताडीबडगांव जो एफआईआर मे अभियुक्त भी है को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त ब्लेड, रुमाल, लडकी का मनी पर्स व अन्य सामान घटनास्थल से दूर ताडीबडागांव से मलप जाने वाले मार्ग के मध्य पुलिया के पास झाडी में सामान फेके जाने की बात बताया। आरोपी की निशानदेही पर 16 अक्टूबर को पुलिस आरोपी नौशाद को लेकर माल बरामदगी हेतु रवाना हुये। इसी दौरान आरोपी द्वारा पुलिस टीम को झटका मार कर झाडी में रखे झोले में से नाजायज कट्टा 315 बोर मय कारतूस पुलिस वालों को लक्ष्य करके फायर कर दिया। जबाब में पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# चोरी की बोलेरो व मोबाइल के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**ऋचा वर्मा, दैनिक ,समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : रसड़ा कोतवाली पुलिस ने शनिवार की देर रात नदौली के पास एक ढाबे के पास घेराबंदी कर चोरी की बोलेरो व मोबाइल के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक हिमेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल उपनिरीक्षक




औरंगजेब खां को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि माधोपुर के पास से चोरी गई बोलेरो के साथ बदमाश नदौली स्थित राजशाही ढाबा के पास मौजूद हैं। सूचना मिलते ही औरंगजेब खां दल-बल के साथ वहां पहुंचकर घेराबंदी शुरू कर दी। इस दौरान एक बदमाश अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकला जबकि बोलेरो में सवार दो बदमाश साहिल अब्बास पुत्र मुहम्मद अली थाना जियनपुर जिला आजमगढ़ तथा फारिस पुत्र इश्तियाक मारुखपुर थाना खेतासराय जिला जौनपुर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिसिया कार्रवाई के बाद अभियुक्तों को न्यायालय के सिपुर्द किया गया।

## हाईटेंशन तार की जद में आने से वृद्ध की मौत

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : क्षेत्र के मंगरौली गांव में रविवार की भोर में 4 बजे टूटकर गिरे बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आकर वृद्ध राधा यादव (72) की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार की सुबह मंगरौली ग्राम सभा के डुमरकोठी मौजा निवासी राधा यादव सुबह लगभग 4 बजे शौच के लिये निकले और घर के समीप 11 हजार बोल्ट का तार टूटकर गिरा हुआ था जिसे वह समझ नहीं पाये और उसकी जद में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिये भेज दिया।

## समूह का 6 लाख रुपए गबन किए जाने का आरोप

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : क्षेत्र के लबकरा गांव में एक महिला द्वारा आधा दर्जन महिलाओं से समूह का लगभग 6 लाख रुपए गबन कर घर से फरार हो गई है। पीड़ित महिलाओं ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है। आरोप है कि समूह के रुपए का आरोपित महिला द्वारा बंदरबांट कर दिया गया है और किस्त जमा करने के नाम पर घर से फरार हो चुकी है। साथ ही किस्त भरने की जानकारी देने पर धमकिया भी दी जा रही है। पीड़ित महिला सरिता, हसीना, अकिला देवी, विगुल, अलिमुन, कैशर ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाते हुए समूह का पैसा लेकर गबन करने वाली महिला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो गंभीर

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : रसड़ा क्षेत्र में रविवार की सुबह दो सड़क दुर्घटनाओं में बालिका सहित बाइक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें रसड़ा अस्पताल से रेफर कर दिया गया।

पहली घटना बढुबांध के समीप हुई जब ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार विनय यादव (25) पुत्र जुली यादव निवासी बसंतपुर गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं कटहुरा गांव में सड़क के किनारे खेल रही संतोष कुमार की 8 वर्षीय पुत्री संजू को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने बांसडीह तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का रविवार को दौरा किया और लोगों के सुख दुख में हर सम्भव सहायता करने के लिये कहा। सर्व प्रथम श्री चौधरी ने भोजछपरा,



महराजपुर, चाँदपुर, कोलकला बिंद बस्ती, चितबिसाव खुर्द, रेगहा, रामपुर नम्बरी, टिकुलिया, भोजपुरवा, मलाहीचक, कोटवा, बिजलीपुर, ककर्घट्टा, रिगवन छावनी आदि गाँवो का दौड़ा कर बाढ़ पीड़ितों से मिले,उनका हाल जाना। प्रेस से बात करते हुए रामगोविंद चौधरी ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़े हैं। सरकार की नाकामियों को दशार्ते हुए कहा कि जब मैं नेता विरोधी दल था तो कई बार हमने बाढ़ की स्थिति को विधानसभा में उठाया था पर कुछ नही हुआ। न ठोकर बनी न बॉन्ध बना। कुछ दिन पहले भी मुख्यमंत्री व जलशक्ति मंत्री को भी पत्र दो दो बार पत्र लिखा पर उसका भी नतीजा सिफर रहा। इस सरकार से कोई उम्मीद विकास के प्रति नही है। जनता की रक्षा से इस सरकार को कोई लेना देना नही है।

दौड़े में सपा विधानसभा अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह, अशोक यादव, जिला पंचायत सदस्य बिजय यादव, उमेश मिश्र, पारस चौधरी, मंटू सिंह, वेदप्रकाश सिंह, उमेश यादव, अंजनी मिश्र, रामदेव यादव, जगमोहन यादव, रामशंकर यादव आदि रहे।

# विधायक जयप्रकाश अंचल ने लिया बाढ़ विभिषिका का जायजा

**ऋतुराज तिवारी बिन्दु, दैनिक समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : नदी सरयू के चढ़ते तेवर मद्देनजर बैरिया विधायक जय प्रकाश अंचल ने दतहां से लेकर देवपुर मठिया तक जगह-जगह रूक कर बाढ़ की विभिषिका का जायजा लिया।

इस दौरान बैरिया विधायक ने तिलापुर डेंजर जोन पर नदी के दबाव स्थल का भी निरीक्षण किया तथा मौजूद एई को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैरिया विधायक श्री अंचल ने बंधा निरीक्षण करने के साथ ही नवकागांव तथा देवपुर मठिया में बाढ़ से घिरे ग्रामीणों से भी मिलकर उनकी समस्याएं सुनी।बैरिया विधायक ने कहा कि बंधे को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनता की सुरक्षा ही हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सदन में भी बंधे को लेकर मेरे द्वारा प्रश्न उठाया जा चुका है। उधर तीलापुर निवासी राम सिंहासन यादव, श्रीकांत यादव, आकाश यादव,सुशील रजक आदि ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब नदी अपने बढ़ाव पर थी ।तब संबंधित विभाग द्वारा कार्य नहीं कराया गया। आज दिखावे के लिए संबंधित विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है।जबकि बंदे पर आसन्न खतरा मंडरा रहा है। इस संबंध में एई अमृतलाल ने कहा कि बंधा पूरी तरह सुरक्षित है। बंधे की निगरानी हमेशा किया जा रहा है। जहां जैसी आवश्यकता पड़ रही है। उसके अनुरूप कार्य कराया जा रहा है।

# 25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : गड़वार पुलिस द्वारा कोतवाली पर पंजीकृत गैंगेस्टर ऐक्ट से सम्बन्धित कई वर्षों से फरार चल रहा 25000/- रू0 का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तारकिया गया।




प्रभारी निरीक्षक थाना गड़वार आरकेसिंह मय पुलिस फोर्स द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, तलाश वांछित/फरार अभियुक्त/वारण्टी एवं दबिश में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 196/2022 धारा 2/3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना कोतवाली जनपद बलिया से सम्बन्धित व कई वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार रू0 के ईनामिया अभियुक्त आदित्य कुमार गौड़ पुत्र रामअवध गौड़ निवासी अस्थाई पता ग्राम मिढ्ढा अमवा थाना सुखपुरा जनपद बलिया स्थाई पता ग्राम सारीपुर (बड़की सारीपुर) थाना औद्योगिक जिला बक्सर बिहार) को गिरफ्तार किया गया है । उक्त गैंगेस्टर के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया k

# बाढ़ पीढ़ितों की मदद के लिए सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय ने बढ़ाया हाथ

*– राहत सामाग्री के वितरण के साथ मेडिकल कैंप का कराया आयोजन*
*– अनवरत लंगर और मेडिकल कैंप से लोगों को मिल रहा लाभ*

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय एवं उनकी टीम मधुबन के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में सैकड़ों परिवारों में राहत सामाग्री का वितरण किया। इसमें खाद्य सामाग्री के साथ दवा शामिल थी। वही पूरे क्षेत्र में अनवरत रूप से लंगर व मेडिकल कैंप का भी आयोजन चल रहा है। जिससे लोगों को राहत मिल रही है। गोपाल राय ने कहा कि वह हमेशा बाढ़ ग्रसितों के साथ है। सरयू का जलस्तर बढ़ने से बिंटोलिया, नई बस्ती, जरलहवा, खैरा, हरिलाल का पुरा, बईरकंटा पुरा, धूसपुरा, मोलनापुर का बलुआपुरा, चौहानपुर, बरोहा, कुंवरपुरवा, मनमनपुरवा, चक्की मूसाडोही, भगत का पुरा, बिंदटोलिया, नई बस्ती, गांवों में पानी भर गया है। वहां सांसद अतुल राय की तरफ से पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा टेलीमेडिसिन के तहत चिकित्सकों से सलाह के उपरांत निश्शुल्क दवा व राहत सामग्री, भोजन का पैकेट, मच्छररोधी दवा जनता शिक्षा



निकेतन इंटर कालेज दुबारी, ऋषि राम नरेश महाविद्यालय मोलनापुर, एलएमजे पब्लिक स्कूल नई बस्ती, गोबरही बंधे से नई मलाह टोलिया से दल्लीपुर बंधे तक वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजविजय, डा. दिनेश, अमित, विनीत और नितेश आदि लोग थे।

# श्रद्धांजलि अर्पित कर सपा संरक्षक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

**प्रदीप शर्मा, संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

जमानियां (गाजीपुर)। श्रीकृष्ण इंटर कालेज भैदपुर में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सपा संरक्षक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला प्रधान संघ गाजीपुर के तत्वावधान में रविवार को क्षेत्र के भैदपुर स्थित श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रक्षा मंत्री भारत सरकार तथा सपा संरक्षक दिवंगत मुलायम सिंह यादव के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों व सपा कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा के शांति की प्रार्थना किया और पुष्पांजलि



अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिसके बाद वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक जीवन के संघर्षों की चर्चा की। और कहा कि धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव का चले जाना समाजवादी पार्टी के एक युग का अंत हो जाना है। जिनके जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। इन्होंने समाजवादी पार्टी को बुलंदी पर पहुँचाने के लिए बहुत से संघर्षों का सामना किया है। तथा भारत की राजनीति को एक नई दिशा व पहचान दी है। उक्त मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष मदन यादव, जमानियां विधानसभा अध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रणजीत यादव, सपा नगर अध्यक्ष सद्दाम खान, काशीनाथ यादव, रजनीकांत यादव, विजय यादव, ग्राम प्रधान शमशाद मिर्जा बेग सहित अन्य ग्राम प्रधान व सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

*पूरे पूर्वांचल से आने वाले मरीज हो रहे लाभांवित, आयुष विधि से उपचार*

# हर घर आयुर्वेद के अभियान के प्रेरणास्रोत बने डा. मनीष राय

## आयुष की बगिया से लेकर औषधालय और अस्पताल का कर रहे संचालन

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो**
**चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश में इन दिनों लोगों को आयुष के महत्व के लिए जागरूक अभियान चल रहा है। हर घर आयुर्वेद को पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा आयुष की औषधियों के प्रयोग और उसके लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है। बात जिले के संदर्भ में किया जाए तो यहां डा. मनीष राय इस अभियान के बड़े प्रेरणास्रोत बने हुए है। जो पिछले कई वर्षो से आयुर्वेद पद्धति की शिक्षा और उपचार के साथ लाभांवित करने में जुटे है। बापू आयुर्वेदिक अस्पताल से आयुर्वेद की शिक्षा ग्रहण करने के बाद विशेषज्ञों द्वारा इसी पद्धति से इलाज किया जाता है। प्रमुख बात है कि पंचकर्म जिससे शरीर की गंदगी को आयुर्वेद के माध्यम से बाहर कर उसे शुद्ध कर दिया जाता है। आज इससे देश के विभिन्न हिस्सों से मरीज आकर लाभ ले रहे है।



डा. मनीष राय ने अस्पताल परिसर में आयुर्वेद की औषधालय की स्थापना किया है, जहां वैद्य दिन रात जड़ी बूटियों को पीस और कूट कर तैयार करते है। इन औषधि के लिए करीब तीन बीघा में औषधीय पौधे लगाए गए है। इन्ही से प्रतिदिन प्रशिक्षु पत्ती, छाल, फूल, फल, जड़ आदि को चुनने का कार्य करते है। उनको आवश्यकता के अनुरूप धूप और पानी को मिश्रण करने के बाद वही पर मिश्रण तैयार किया जाता है। तत्पश्चात अस्पताल के औषधालय में लाकर उसे औषधि को अंतिम रूप दिया जाता है। आज इस अस्पताल का स्वरूप इतना बड़ा हो चुका है कि आयुर्वेद पर अध्ययन के लिए भी लोग आ रहे है। अनेक गंभीर बीमारी जिसका दूसरे पैथी में उपचार कराने के बाद आराम नहीं होने पर यहां पुर्नजीवन पा रहे है।

# संदिग्ध अवस्था में पेंड की डाल से लटकता मिला अधेड़ का शव

**बिकास राय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के नेवादा गाँव के पास बागीचे मे रविवार के दिन सुबह आम के पेड से संदिग्ध परिस्थितियों मे प्लास्टिक की रस्सी के सहारे एक अधेड का शव लटका हुआ था ।शौच के लिये जा रहे ग्रामीणों ने देखकर पुलिस को सुचना दिया मोके पर पहुची पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से पेड से निचे उतारवा कर शव की पहचान कराई शव की पहचान गाँव के दलित बस्ती के रामसरन राम उम्र 50बर्ष के रूप मे हुयी । सुचना पर पहुंची उसकी पत्नी मिना का रो रो कर बुरा हाल था



।पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। नेवादा गाँव निवासी रामसरन राम टेम्पो चलाकर कर घर की आजीविका को चलता था ।उसकी पत्नी मिना ने बताया की शनिवार को हमको दवा कराकर घर पहुँचा कर बाजार से चले गये बाजार से मछली ले कर आये और पत्नी को दिये लेकिन घर मे तेल और मसाला नही होने पर वे कहे कि हम बाजार से ला रहे है ।जब देर तक नही लौटे तो मै बिमार होने की वजह से सो गयी ।सुबह जानकारी हुयी।मृतक का एक ही पुत्र है जो पंजाब मे मजदुरी का काम करता है।उसकी मौत से गाँव मे सन्नाटा पसरा हुआ है । तथा उसकी मौत को लेकर तरह तरह की चचार्ये हो रही है ।इस संबंध मे करीमुद्दीनपुर के थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है ।तहरीर मिलते ही जाँच कर उचित कार्यवाही की जायेगी ।

# जहां मन बुद्धि वाणी अवरुद्ध हो जाती है । वहां से ब्रह्म की शुरूआत होती है-फलाहारी बाबा

*जीव और ब्रह्म के मिलन का सर्वोत्तम सोपान पुष्प वाटिका प्रसंग है*

**बिकास राय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

बाराचंवर- ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में मानस मर्मज्ञ भागवतवेत्ता महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री शिवराम दास फलाहारी बाबा
ने उपस्थित श्रोताओं को राम कथा रूपी मानस सरोवर में गोता लगवाते हुए कहा की मानस में दो वाटिका की चर्चा है।एक अशोक वाटिका और एक पुष्प वाटिका। विदेह नगर की वाटिका पुष्प वाटिका है तो देहनगर की वाटिका अशोक वाटिका है। योगी जनक की वाटिका पुष्प वाटिका है तो भोगी रावण की वाटिका अशोक वाटिका है। दोनों वाटिकाओं का केंद्र बिंदु मां जगत जननी सीता ही रही ।राम जी को सीता जी से मिलना था तो पुष्प वाटिका में जाना पड़ा और हनुमान को भी सीता जी से मिलना था तो अशोक वाटिका में जाना पड़ा ।
बाबा ने कहा की जहां सज्जनों की महफिल संतों की सभा लगती है वही वाटिका है। जीवन में संत और सत्संग का महत्वपूर्ण स्थान दिया जाए तो जीवन ही वाटिका बन जाएगा ।भक्ति रूपी सीता सदा ही निवास करेगी राम को स्वयं चलकर आना पड़ेगा ।ब्रह्म कहने सुनने का चीज नहीं है ब्रह्म तो अनुभव अनुभूति आभास का विषय है। जहां मन बुद्धि वाणी अवरुद्ध हो जाती है ।वहां से ब्रह्म की शुरूआत होती है।
रामकृष्ण परमहंस ,मीरा ,नरसी मेहता के मन और बुद्धि काम करना बंद कर दी तब ईश्वर की परम सत्ता का साक्षात्कार हुआ ऐसे लोगों को जगत



वासी पागल कहते हैं या यूँ कहे कि परम सत्ता को जो पा जाता है वह पागल हो जाता है। फिर दुनिया उसे अच्छी नहीं लगती।अंतिम दिवस पर यज्ञशाला की परिक्रमा के लिए दिन भर भारी भींड लगी रही।यज्ञ के पुणार्हुती के पश्चात आयोजित भंडारे में बाराचंवर एवम इस पास के हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।अंतिम दिवस पर पूर्व विधायक कालीचरण राजभर, कृष्णा नन्द राय,पं श्याम राज तिवारी समेत अन्य लोगों ने फलाहारी बाबा का दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।यज्ञ कमेटी के द्वारा आये सभी साधु सन्त को अंग वस्त्र एवं दक्षिणा देकर विदाई की गयी।सभी आगंतुकों,भण्डारा के लिए भोजन बनाने वाले कारीगर,हलवाई एवं सहयोगियों का भी यज्ञ कमेटी के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बृजेन्द्र सिंह,दीपक सिंह,संजय पाण्डेय, यशवन्त सिंह समेत सभी सहयोगी उपस्थित रहे।

# स्थानीय तहसील क्षेत्र के महना गांव जाने वाले मार्ग जर्जर

**शैलेंद्र कुमार चौधरी दैनिक समाज जागरण**

सेवराई। स्थानीय तहसील क्षेत्र के भदौरा महना मुख्य मार्ग पर पानी लग जाने की वजह से लोगों को आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है वही कीचड़ एवं पानी लगने की वजह से संक्रमण रोग फैलने का भी खतरा लोगों को सता रहा है। बिना वर्षा हुए ही भदौरा महना मार्ग पर पानी लग जाने की वजह से लोगों को बाजार करने एवं तहसील मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय एवं रेलवे स्टेशन जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है क्योंकि की पानी निकासी की व्यवस्था ना होने की वजह से जगह-जगह मार्ग पर पानी लग गया है जिसकी वजह से लोगों को आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ती है।
सरहुला, सूर्यभानपुर, महना बभनौलीया, भिटुका, गजरहि, खडवल, भदौरा आदि गाव के लोग प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग बाजार करने आते हैं लेकिन रोड पर जगह-जगह कीचड़ होने की वजह से उन्हें कीचड़ युक्त मार्ग से होकर ही जाना पड़ता है जिससे उन्हें गिरने का खतरा हमेशा बना रहता है इसी मार्ग से लोग बिहार एवं जिला मुख्यालय आते जाते हैं।
वहीं क्षेत्रीय लोगों ने उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे बनवाने की मांग की है ताकि लोगों को आने जाने में परेशानी ना हो वही लोगों ने बताया कि हम लोग साल भर इसी मार्ग से आते जाते हैं लेकिन कीचड़ एवं बिखरे गिट्टी ईट के टुकड़ा होने की वजह से हम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।
महना गांव के समाजसेवी धर्मदेव पांडे ने बताया कि यह मार्ग करीब 12 वर्ष पहले बना था तब से इस मार्ग पर कोई भी कार्य नहीं होने की वजह से मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है

# रामलीला के पात्रों का हुआ सम्मान

**लक्ष्मीकांत संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर बिरनो विकास खण्ड अन्तर्गत भड्सर में दुर्गा पूजन व रामलीला कमेटी की ओर से शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में रामलीला में पात्रों की भूमिका निभाने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। उपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन करते हुए उपेंद्र सिंह ने
कहा कि रावण का कद जितना होगा राम उतना ही बड़ा होगा, जब बच्चा कहना न माने तो रामायण पढ़िए और बच्चों को बताइए किस प्रकार राम अपने पिता का कहना मानते थे। रामायण के कारण ही मेरे बेटे मेरा कहना मानते हैं। दुर्गा पूजन व रामलीला कमेटी के संरक्षक प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि रामलीला के विभिन्न कलाकारों को हर वर्ष सम्मानित किया जाता है। इस बार भी भूमिका निभाने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया।

**यह कमेटी पिछले पचास सालों से रामलीला के विभिन्न किरदारों को सम्मानित करती आ रही ।**

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्यामसुंदर भारद्वाज ने बताया कि रामलीला को सही ढंग से संपन्न कराने में



पात्रों के साथ-साथ पदाधिकारियों की भी अहम भूमिका होती है जिनके मेहनत के बदौलत सामाजिक सहयोग से यह संपन्न हो पाता है रामलीला के पात्रों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया और सहभोज कार्यक्रम कर सम्मान समारोह का समापन किया गया । इस मौके पर सुरेंद्र खरवार, झबलू सिंह , अनिल पटेल, बीरेन्द्र सिंह,बाढू पटेल, प्रमोद सिंह, टुनटुन सिंह, सुरेश सिंह, विनोद खरवार,सहित पात्र और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं ने देश के समक्ष हर चुनौतियों का समय समय पर मुहतोड़ जबाब दिया है ।-प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य

**शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। भारत की नारियों ने राष्ट्र निर्माण के प्रति हर युग मे सदैव पुरुषों के साथ कदम से कदम से मिलाकर अपनी भूमिका का महत्वपूर्ण योगदान दिया है।यह बात आज भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर भाजपा महिला मोर्चा के एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य (सांसद राज्य सभा) ने कही उन्होंने कहा कि इतिहास के पन्ने गवाह है महिलाओं ने भारतीय सभ्यता संस्कृति को मजबूत रखते हुए देश के समक्ष हर चुनौतियों का समय समय पर मुहतोड़ जबाब दिया है।प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य राष्ट्र निर्माण मे महिलाओं के योगदान विषय पर अपना उदबोधन दे रही थी। उन्होने कहा कि महारानी लक्ष्मी बाई,गार्गी,सावित्री बाई,फूलाबाई जैसी तमाम ऐसी सख्शियतों ने जहाँ समाज को दिशा देने का काम किया वहीं रण भूमि मे अपने जौहर को भी दिखाया है।स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महिलाओं की भूमिका सराहनीय ही नही आज



भी उनके कार्य व्यवहार प्रासंगिक है।उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र मे महिलाओं ने आदि अनादि काल से आज तक त्याग तपस्या बलिदान का जो भाव और संवेदना से काम किया प्रशंसनीय ही नही अतुलनीय है।
प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र के विषय महिला कार्यकताओं के समक्ष राजनैतिक और व्यक्तिगत जीवन की चुनौतियों पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता पासवान ने,तृतीय सत्र के विषय केन्द्र सरकार की योजनाएं एवं उपलब्धियों को नगरपालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने तथा प्रशिक्षण के अंतिम सत्र के विषय पार्टी का इतिहास और विकास को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने जनसंघ की स्थापना से लेकर आज तक के भाजपा के उतरोत्तर विकास पर विस्तार से विचार व्यक्त किया।
प्रशिक्षण के प्रत्येक सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष साधना राय और संचालन किरन सिंह ने किया । सत्र का शुभारंभ पार्टी महामनिषियों के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर वंदेमातरम से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष (महिला मोर्चा) गीता शाक्य के प्रथम जनपद आगमन पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र, पुष्प देकर स्वागत किया।
इस अवसर पर महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया, प्रियंका पांडेय पिहू,सुनिता सिंह,रूद्रा पांडेय,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सुरेश बिंद,पूनम मौर्य,माया सिंह,साक्षी श्रीवास्तव,कंचन गीरी,शीला सोनकर, रीमा खरवार, लालसा भारद्वाज,सुनीता सिंह आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# बीजेपी का एक दिवसीय युवा मोर्चा का प्रशिक्षण संपन्न

**शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का एक दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण रविवार को जिला पंचायत सभागार, गाजीपुर में कुल चार सत्रों मे समपन्न हुआ।
वर्ग प्रशिक्षण के प्रथम उदघाटन सत्र मे केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर अपना व्याख्यान देते हुए जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा के महामनिषियों के सपनों को साकार करते हुए एकात्म मानववाद के सिद्धांत विचारों पर आज देश और प्रदेश की सरकार के जनकल्याणकारी असंख्य योजनाओं के माध्यम से कमजोर से कमजोर व्यक्ति को आज समाज की मुख्यधारा से जोड़ दिया है।आत्मनिर्भर भारत योजना राष्ट्र के समृद्धि और सम्मान का मजबूत मार्ग प्रशस्त कर रहा है।
द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने "वैचारिक अधिष्ठान एवं कार्य पद्धति" विषय पर विचार रखते हुए कहा कि देश की पौराणिक सभ्यता संस्कृति को राष्ट्रवाद की भावना से जोड़कर भारतीय जनता पार्टी की कार्य करने की पद्धति आज भारत के नवनिर्माण कि बुनियाद को मजबूत किया है। देश विश्वगुरु बनने की ओर तेज गति से अग्रसर है।
तृतीय सत्र के वक्ता भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने भाजपा का इतिहास एवं विकास पर विचार रखते हुए कहा कि देश की मूलभूत समस्याओं के प्रति भाजपा ने सदैव से वैचारिक संघर्ष किया समय और परिस्थितियों से बिना समझौता राष्ट्र को सर्वोपरि कर



लड़ते हुए संगठन नेतृत्व ने जो साहसिक प्रयास किया आज उससे संगठन की लोकप्रियता समाज मे अतुलनीय रुप से बढी है।
चतुर्थ सत्र और अंतिम सत्र की मुख्य वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने "हमारा विचार परिवार" विषय पर बोलते हुए कहा कि देश संवैधानिक व्यवस्था के मजबूती तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ समाज और राष्ट्र की समृद्धि मे भाजपा सदैव समर्पित विचारों से कार्य किया।
प्रशिक्षण वर्ग में भाजयुमो क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी प्रीतम सिंह,मयंक जायसवाल, जिलाध्यक्ष विश्वप्रकाश कुशवाहा,अविनाश सिंह,हर्षित सिंह,अमरनाथ शर्मा, ऋषभ राय,अंकुर जायसवाल,दुष्यंत अग्रहरी,प्रीती गुप्ता, समेत भाजयुमो के सभी जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष एवं मण्डल महामंत्री उपस्थित रहे ।

# गरीबों, मजलूमों की सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई बड़ा धर्म नहीं – सत्यदेव राय

## शेरपुर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कुल 2500 रोगियों की जांच कर दवा का किया वितरण।

बिकास राय संवाददाता दैनिक समाज जागरण
गाजीपुर जनपद के भांवरकोल ब्लाक क्षेत्र के शेरपुर खुर्द ग्राम निवासी एवं प्रमुख समाज सेवी स्वर्गीय डॉ नाथशरण राय की 11 वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय शहीद संस्मरण इंटर कॉलेज परिसर में सत्या फाउंडेशन मऊ के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 2500 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य सत्यदेव राय ने स्व0 राय के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत लोग पैदा होते हैं और मर जाते हैं जिन्हें कोई याद नहीं करता। लेकिन कुछ ऐसे लोग होते हैं जो अपने समाजसेवा के बल पर समाज में हमेशा जिंदा रहते हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों एवं मजलूमों की सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई धर्म नहीं है। इस मौके पर डॉक्टर सत्यानंन्द राय ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय डॉ नाथशरण राय आजीवन गरीबों मजलूम की सेवा में जीवन पर्यंत समर्पित रहे ।उनकी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। जो अनवरत आगे भी चलता रहेगा। स्वास्थ्य शिविर में हड्डी एवं शुगर,बीपी एवं फेफडे. से संबंधित रोगियों की संख्या काफी रही। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि जयानंद राय, मुनीन्द्र नाथ राय, इंद्रासन राय, मुन्ना यादव, आओमप्रकाश राय मुन्ना,प्रधान यादव, राकेश राय, भोला पांन्डेय, उपेन्द. राय, सहित फिजीशियन डॉ ए के पांडे, डॉ मनोज यादव, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के सी राय, चर्म रोग के विशेषक्ष डॉ आई मजहर, दंत चिकित्सक डॉक्टर असलम , बाल रोग विशेषज्ञ डॉ रोहित राय ,नेत्र रोग विशेषज्ञ ज्ञानेंद्र चौहान महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोदिता सिंह आदि चिकित्सक शिविर में मौजूद रहे।

# मुनादी बजाकर कुर्की का नोटिस चस्पा

जनार्दन प्रजापति संवाददाता चीफ दैनिक समाज जागरण



दिलदारनगर (गाजीपुर) : गहमर पुलिस ने रविवार को चोरी के मुकदमे में माननीय न्यायालय एसीजेएम महोदय द्वारा निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी अभियुक्त के विरुद्ध इश्तहार धारा 82 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करने हेतु दिया गया जिसके अनुपालन में निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी मय हमराही कर्मचारी के माननीय न्यायालय के अनुपालन में अभियुक्त मेराज कुरेशी पुत्र कलाम उफ उदल कुरैशी निवासी उसियां थाना दिलदारनगर गाजीपुर के घर जाकर इश्तहार उद्घोषणा की कार्रवाई संपन्न कराकर एक प्रति अभियुक्त में मेराज कुरेशी के ।दरवाजे पर चस्पा किया गया तथा गांव में घूम-घूम कर मुरादी कराई गई जिससे कि अभियुक्त समय से माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर सके

## बिहार में अपराधी के घर नोटिस चस्पा करते गहमर थाना के अतिरिक्त इंस्पेक्टर अशोक कुमार तिवारी

**शैलेंद्र कुमार चौधरी**
**दैनिक समाज जागरण**

सेवराई।थाना गहमर जनपद गाजीपुर उत्तर प्रदेश में पंजीकृत मुकदमा में कांड संख्या 156/22 धारा 379/411 आईपीसी में अभियुक्त गोल्डन कुमार पुत्र समहुत राम निवासी बडड़ा



थाना नुआव जिला कैमूर भभुआ बिहार लगभग 4 महीने से फरार चल रहा था जिस के संबंध में गाजीपुर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा बार-बार उसको पकड़ने हेतु तलाश किया गया लेकिन अभियुक्त गोल्डन घर से फरार है जिस के संबंध में माननीय न्यायालय एसीजेएम महोदय गाजीपुर द्वारा अभियुक्त गोल्डन के विरुद्ध इश्तिहार धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही हेतु आदेश जारी किया गया जिस पर निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी अपने कर्मचारियों के साथ आकर अभियुक्त गोल्डन कुमार के घर थाना नुआव जिला कैमूर भभुआ बिहार के पुलिस के साथ इश्तहार के नोटिस चस्पा कर पूरे गांव में इश्तिहार जारी करते हुए मुनादी कराई गई

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल जनपद सीतापुर में बाढ़ पीड़ितों से संवाद एवं राहत सामग्री का करेंगे वितरण

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल 17 अक्टूबर 2022 को जनपद लखनऊ से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक जनपद सीतापुर के ग्रामझ गोलो कोडर(जैतहिया) में स्थलीय निरीक्षण एवं मारूबेहड़- बाढ़ चौकी में बाढ़ पीड़ितों से संवाद एवं राहत सामग्री का वितरण करेंगे। इसके बाद अपराह्न 01:30 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक के निरीक्षण भवन, लोक निर्माण विभाग, बिसवाँ, सीतापुर में बाढ़ संबंधित अधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे। इसके बाद अपराह्न में लखनऊ आयेंगे।

## आईटीसी, बैंक ऑफ बड़ौदा और एपीएल अपोलो ट्यूब्स मुहूर्त ट्रेडिंग में आपकी कराएंगे जमकर कमाई

इस समय दुनिया भर में कारोबारी स्थितियां बहुत उतार-चढ़ाव भरी लग रही है. शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव की वजह से दुनिया में भारत के प्रति निवेशकों का भरोसा भी डिग रहा है. भारत के शेयर बाजार में भी उतार-चढ़ाव जारी है. वास्तव में कई सालों के इकोनामिक साइकिल के उच्च स्तर पर बने रहने के बाद इस समय मार्केट निवेश के लिहाज से शानदार मौके दे रहा है. ब्रोकरेज कंपनी शेयर खान ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि निफ्टी की कमाई साल 2022 से 2024 के बीच 15 फीसदी

# शैक्षिक संवाद पत्रिका के प्रकाशन हेतु योजना बैठक सम्पन्न, जनवरी में होगा प्रवेशांक का लोकार्पण

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**



बांदा। रचनाधर्मी शिक्षक-शिक्षिकाओं के स्वप्रेरित मैत्री समूह शैक्षिक संवाद मंच द्वारा शैक्षिक मुद्दों पर प्रकाश्य छमाही पत्रिका 'शैक्षिक संवाद' के प्रकाशन एवं प्रबंधन के संदर्भ में पत्रिका से जुड़े आधार सदस्यों की एक आनलाइन बैठक गत दिवस सम्पन्न हुई। बैठक में 34 आधार सदस्यों में से 21 ने सहभागिता कर अपने सुझाव साझा किये। सामूहिक निर्णयानुसार पत्रिका का प्रवेशांक जनवरी 2023 में एक भव्य कार्यक्रम में विमोचित किया जायेगा। बैठक का संचालन प्रमोद दीक्षित मलय ने किया।

बैठक का आरंभ परस्पर परिचय से हुआ। तत्पश्चात साथियों ने पूर्व निर्धारित चर्चा बिंदुओं पर अपने विचार रखे। विचार-विमर्श के बाद सामूहिक निर्णय लिया कि आधार सदस्य संख्या बढाकर 50 की जायेगी। पत्रिका के प्रचार हेतु एक पत्रक तैयार किया जायेगा। साथ ही विज्ञापन संग्रह हेतु विज्ञापन दरों की पूर्ण जानकारी से युक्त एक विज्ञापन पत्रक भी बनाया जाये। पत्रिका के विक्रय हेतु सभी ने तय किया कि प्रत्येक आधार सदस्य को पत्रिका की न्यूनतम 15 प्रतियां लेना अनिवार्य होगा। स्वेच्छा से प्रतियां बढ़ायी जा सकती हैं। छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में सौ-सौ प्रतियां जाने वाली हैं। एक सुझाव अनुसार पत्रिका के व्यापक प्रसार हेतु स्कूलों को सदस्य बनाया जायेगा। सदस्यता की अवधि वार्षिक, द्विवार्षिक, पांच वार्षिक, दस वर्षीय और आजीवन सदस्यता (14 वर्ष) रखने का निर्णय हुआ है। आधार सदस्यों में से ही संपादक सहित अन्य पद एवं संपादक मंडल बनाया जायेगा। सभी आधार सदस्यों के नाम पत्रिका के प्रत्येक अंक में रहेंगे और वे अपने मंडल एवं जनपद के प्रभारी के रूप में काम करेंगे। संपादकीय टीम बनाने हेतु प्रमोद दीक्षित मलय को सभी सदस्यों ने अधिकृत किया। इस छमाही शैक्षिक पत्रिका में 64 पृष्ठ रहेंगे। पत्रिका के स्वरूप, स्थायी स्तम्भ एवं सामग्री चयन पर भी चर्चा हुई। बैठक में दुर्गेश्वर राय, ऋतु श्रीवास्तव, दीक्षा मिश्रा, कमलेश कुमार पांडेय, अरविंद सिंह, कुमुद, मोनिका सिंह, डॉ. रमा दुबे दीक्षित, डॉ. सुमन गुप्ता, राजबहादुर यादव, डॉ. विभा शुक्ला, अर्चना वर्मा, डॉ. रचना सिंह, श्रुति त्रिपाठी, विवेक पाठक, शैला राघव, रामकिशोर पांडेय, रीना सिंह, अमिता सचान एवं धमानंद गोजे (छत्तीसगढ़) उपस्थित रहे। विजयप्रकाश जैन (राजस्थान), पायल मलिक, अनीता मिश्रा ने व्यस्तता वश बैठक में शामिल हो पाने हेतु पूर्व में ही अवगत करा दिया था। कुछ आधार सदस्य नेट कनेक्टिविटी ठीक न होने के कारण नहीं जुड़ पाये। नवम्बर महीने में पुनः बैठक करने की सहमति बनी है।

# तिंदवारी में भागवत कथा सुन श्रोता हो रहे हैं मंत्रमुग्ध ।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**



बांदा कस्बे के मानस कुंज में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने शिव चरित्र, श्री राम चरित्र, वामन अवतार आदि का जीवंत वर्णन प्रस्तुत कर श्रद्धालु श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। वही भगवान के संकीर्तन में भक्तजन झूम उठे।

श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास दत्तात्रेय परमहंस महाराज द्वारा राजा परीक्षित के रूप में रामप्रताप गुप्ता सेवानिवृत्त अध्यापक तथा कमला गुप्ता सहित उपस्थित श्रद्धालु भक्तजनों को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भक्त भगवान के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि भगवान कथा सुननेऔर भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा अपने भक्त को पाना चाहते हैं। जितना भगवान के बिना भक्त अधूरा है, उतना ही भक्तों के बिना भगवान भी अधूरे हैं। भगवान ज्ञानी को नहीं अपितु भक्तों को दर्शन देते हैं। सच्चे मन से ही भगवान प्राप्त होते हैं। वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बली को यह शिक्षा दी कि दंभ और अहंकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता। यह धन-संपदा क्षण भंगुर है। इसलिए जीवन में परोपकार करो। मनुष्य की आस्था और विश्वास में भगवान बसते हैं। अपने कल्याण के लिए अपने ज्ञान और विवेक का आश्रय लेकर मनुष्य को चाहिए कि वह अपनी इंद्रियों को सशक्त बनाए रखते हुए भगवान का भजन संकीर्तन करते रहें क्योंकि भगवान का नाम ही सर्वोपरि है और यही कलयुग का आधार भी है। आशुतोष, भवानी शंकर, भगवान शिव परम तपस्वी एवं ज्ञान, वैराग्य, भक्ति तथा योग साधना के शीर्ष देव हैं। उनकी आराधना से धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष की सहज प्राप्ति होती है। प्रत्येक मनुष्य में शिव तत्व उपस्थित है और इसे शिव के प्रति अनुराग, भक्ति तथा आराधना से जागृत किया जा सकता है। आराधक उनके विभिन्न स्वरूपों को ध्यान में रखकर अपने को शिव मय कर सकता है। गायक मास्टर राजकुमार सिंह तथा तबला की संगत में किशोरी विश्वकर्मा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी,कृष्ण कुमार गुप्ता, मुकेश गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, उमेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, घनश्याम दास गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

# बांदा में पत्रकारों ने अनशन के 20 वें दिन जिला प्रशासन का फूंका पुतला।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। बांदा में पत्रकारों ने जिला प्रशासन के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में पत्रकारों के अधिकारों का जिला प्रशासन द्वारा लगातार हनन किया जा रहा है। पत्रकारों की स्वतंत्रता खत्म होती नजर आ रही है जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा लगातार पत्रकारों के हितों के लिए आदेश जारी किए जा रहे हैं। इसके बावजूद जिला प्रशासन मुख्यमंत्री के आदेशों को दरकिनार कर अपनी नाकामी छिपाने के लिए पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लिख बिना जांच के जेल भेजे जाने पर जिला प्रशासन आमादा है।आपको बताते चलें पूरा मामला उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के बांदा जिले मुख्यालय से चंद कदम दूर अशोक लाट अनशन स्थल से सामने आया है जहां विगत दिनों पुलिस की गैर जिम्मेदारी कार्यशैली और खनन माफियाओं की मिलीभगत से जेल गए 7 निर्दोष पत्रकारों को न्याय दिलाने के लिए 20 दिन से पत्रकार लगातार अनशन पर हैं और जिला प्रशासन द्वारा अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है लगातार अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दे रहे हैं और प्रदर्शन भी पत्रकार कर रहे हैं पत्रकार कभी जिला प्रशासन की अर्थी निकालते हैं तो कभी पुतला फूंकते हैं शायद जिला प्रशासन कि उनकी समस्या का संज्ञान ले और न्यायिक जांच पूरी करें यही पत्रकार आशा किए हैं। इसी क्रम में आज बांदा में पत्रकारों ने जिला प्रशासन की अस्थि विसर्जन का कार्यक्रम रखा जिसमें प्रशासन की अस्थियों का विसर्जन किया गया विसर्जन के दौरान पुलिस से काफी नोकझोंक भी हुई। अनशन में बैठे पत्रकार केके दीक्षित ने बताया कि यदि जिला प्रशासन हमारी मांगे नहीं मानता और न्यायिक जांच नहीं होती तो आगे उग्र आंदोलन होगा जिसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ जिला प्रशासन होगा क्योंकि पत्रकारों में भारी आक्रोश है !

# रोटी बैंक सोसाइटी का वार्षिक समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। रोटी बैंक सोसाइटी का वार्षिक समारोह कार्यकर्ता सम्मेलन 2022 के रूप में शेख सादी जमां संरक्षक बाँदा रोटी बैंक के संरक्षण में, अशोक दीक्षित वरिष्ठ अधिवक्ता की अध्यक्षता में,अंसार अहमद सिद्दीकी के संचालन में, मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट बाँदा और श्रीमती अम्बुजा त्रिवेदी ,क्षेत्राधिकारी नगर बाँदा और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार राज पूर्व अध्यक्ष न0पा0प0बाँदा, डॉ0 शबाना रफीक, एजाज अहमद पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन बाँदा, अशोक अवस्थी पूर्व अध्यक्ष न0पा0प0बाँदा, मुमताज अली कांग्रेस नेता,रजत सेठ प्रतिनिधि सदर विधायक भाजपा बाँदा,शोभाराम कश्यप अध्यक्ष तिरंगा वितरण समिति, मोहम्मद इदरीश कांग्रेस नेता, सत्यप्रकाश सर्राफ जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल बाँदा, बी0एम0गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता, चंद्रमौली भारद्वाज प्रबंधक डी0आर0पब्लिक स्कूल बाँदा,

अभय प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा बाँदा, राकेश गुप्ता ददद् सभासद बाँदा, मनोज जैन समाजसेवी, अमित सेठ भोलू समाजसेवी, संजय निगम अकेला सेल्फी किंग, संजय ककोनिया उदघोषक, मोहम्मद मुजीब समाजसेवी, मुन्ने मगरबी समाजसेवी, आनंद सिन्हा वरिष्ठ अधिवक्ता, अरूण तिवारी समाजसेवी, वाजिद अली जिलाध्यक्ष ए0आई0एम0आई0एम0बाँदा, रहमान अली अध्यक्ष उ0प्र0दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ बाँदा, नदीमुल्ला खान अध्यक्ष कोविद 19 ग्रुप बाँदा, जावेद खान सदस्य कोविद 19 ग्रुप बाँदा, नजरे आलम वरिष्ठ पत्रकार



बाँदा,नईम नेता समाजसेवी,राजीव कुमार समाजसेवी, गोपाल गोयल समाजसेवी आदि की उपस्थिति में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में चंद्रमौलि भारद्वाज जी के द्वारा बाँदा रोटी बैंक टीम को एक वैन देने की घोषणा की ताकि भोजन आदि लाने में परेशानी न हो।इस कार्यक्रम में 9 लोगों अब्दुल शफीक कल्लू सदस्य ,मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, प्रीति शिवहरे महिला संगठन मंत्री, अंसार अहमद सिद्दीकी संचालक, सगीर बाबा सदस्य, मुस्तकीम मुन्ना सदस्य, वकील सदस्य,शम्मी सदस्य को विशिष्ट सम्मान उनके संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया।इसके बाद महिला टीम से तबस्सुम फात्मा महिला जिलाध्यक्ष, तरन्नुम फात्मा महिला उपाध्यक्ष, रीना कन्नौजिया महिला उपाध्यक्ष, नग्गो खातून सदस्य, मीना खातून सदस्य, सबीहा नूरानी सदस्य, रिया खान सदस्य, फूलकली सदस्य, अंजुम बानो सदस्य, मुमताज बेगम सदस्य, फरजाना सदस्य, अफसाना सदस्य आदि को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।इसके उपरांत पुरूष टीम से रिजवान अली अध्यक्ष, मुईन फारूकी उपाध्यक्ष, मोहम्मद इदरीश सचिव, सुनील कुमार सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद अजहर महामंत्री, इरफान खान कोषाध्यक्ष, अब्दुल मुजीब राजू मीडिया प्रभारी, अख्तर किरमानी सोशल मीडिया प्रभारी, मोहम्मद नफीस शाखा प्रमुख छावनी, राहुल अवस्थी शाखा प्रमुख क्योटरा, आरिफ निजामी शाखा प्रमुख आजाद नगर, जावेद खान शाखा प्रमुख हरदौल तलैया, इरफान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईंपार,अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दन नाका, मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका, मोहम्मद सलीम शाखा प्रमुख बलखण्डी नाका, चंद्रमोहन शाखा प्रमुख अलीगंज, सत्यप्रकाश शाखा प्रमुख पैगम्बरपुर,सोनू तिवारी शाखा प्रमुख चहितारा, पवन पाण्डेय उप शाखा प्रमुख बरईमानपुर, बालेन्द्र प्रसाद दीक्षित उप शाखा प्रमुख अलीगंज, जीतेन्द्र धुरिया ,मोहम्मद मुईन, मोहम्मद सईद, मोहम्मद अनवर, नईम खान, रफत अली पप्पू, अलीमुद्दीन, बिलाल अहमद मंसूरी, नसीम मंसूरी, मोहम्मद शरीफ, रऊफ खान, मोहम्मद आशिक, सद्दाम हुसैन, जमशेद खान, इब्राहीम, इमरान,सुनील कुमार साहू, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद सिराज, रियाज खान,मोहम्मद तालिब, सन्तोष कुमार, अरबाज खान, शाहिद हुसैन, मुजम्मिल अली, गीता देवी, रेहाना, मोहम्मद अली, को भी उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम का समापन उदबोधन जनाब शेख सादी जमां के द्वारा किया गया

# बजरंग दल का विभाग प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा ।आज जिला बांदा में विभाग की बैठक और विभाग प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ यह बैठक हित चिंतक अभियान को लेकर हुई इस बैठक में बैठक की अध्यक्षता विभाग थके अध्यक्ष आदरणीय अशोक ओमर भाई साहब द्वारा की गई इस बैठक में विभाग के पवन भाईसाहब द्वारा हिंदू हित चिंतक अभियान और आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत बताया गया कि

इस प्रशिक्षण वर्ग मे चारो जिले के जिला संयोजक प्रखंडो के पालक विश्व हिन्दु परिषद के जिला टोली के पदाधिकारी और जिले के आदरणीय जिला संगठन मंत्री हित चिंतक अभियान के अभियान और सह अभियान प्रमुख और पूर्णकालिक और विभाग कि सम्पूर्ण टोली



उपस्थित रही,,,

बैठक का संचालन बांदा के जिला मंत्री पुष्पेंद्र भाईसाहब द्वारा किया गया !

# पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी की मासिक बैठक हुई संपन्न ।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ कैम्प कार्यालय अतर्रा रोड स्थित सुदामा कुटी में संपन्न हुई, बैठक में निम्नांकित बिंदु पर शिक्षकों ने समस्याएं रखीं बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार मिश्र ने की, तथा संचालन जिला महामंत्री श्री आदित्य प्रसाद द्विवेदी ( श्यामू) ने किया, जिला कोषाध्यक्ष डाक्टर केत रामपाल जीने अवगत कराया कि कमासिन के अध्यक्ष और मंत्री दोनों अस्वस्थ हैं और लगातार जिले की बैठकों में अनुपस्थित रहे हैं तथा उनके द्वारा संगठन में सहयोग न कर पाना इसी कारण उन्होंने अपना त्यागपत्र दे दिया ,जिससे संयोजक तथा सहसंयोजक बनाने का प्रस्ताव आया बैठक में सर्वसम्मति से डॉक्टर केत रामपाल जी ने श्री संतोष कुमार तिवारी प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनहुला को संयोजक, तथा श्री कमलेश कुमार इंचार्ज प्र प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुर्रा का पुरवा क्षेत्र कमासिन को सह संयोजक बनाया गया, जिसका उपस्थित पदाधिकारी बंधुओं के द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकार किया गया`अन्य शिक्षक साथियों के द्वारा

प्रोन्नति वेतनमान, शिक्षकों की पदोन्नति, कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा शिक्षकों की अग्रिम मानक कटौती



काटने के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करते समय इनकमटैक्स विभाग से नोटिस आजाती है, नवनियुक्त शिक्षकों के वर्ष 2014, के बाद सामूहिक बीमा कटौती क्यों बंद कर दी गयी, यदि कटौती नहीं करना तो व्याज सहित धन की वापसी कराई जाने की बात की गयी, उपस्थित शिक्षकों में श्री अनूप कुमार तिवारी मंडल अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष श्री शमीम खान एवं श्री रामेश्वर मांडलिक मंत्री श्री सुभाष चंद्र पटेल बुद्ध राज वर्मा रवि करण सैनी विद्या भूषण सिंह शत्रुघ्न वीर श्याम सिंह यादव राज करण पटेल अनिल अग्निहोत्री मनोज कुमार इंद्रपाल विमल मिठ्ठू लाल संतोष कुमार तिवारी कमलेश कुमार वर्मा शशि कला दीक्षित श्रीधर गुप्त, बृज किशोर, प्रताप नारायण राजेशवर्मा कामता प्रसाद गुप्त शोएब अख्तर आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे !

# अतर्रा में चोरों ने एक घर से आठ लाख का माल किया साफ।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा। घर के ताले तोड़कर चोरों ने आठ लाख रुपये समेत लाखों कीमत के जेवर पार कर दिए। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। गृह स्वामिनी ने पुलिस को बताया कि रुपये भागवत कथा और मकान निर्माण के लिए रखे थे। कोतवाली क्षेत्र के अतर्रा रोड निवासी रहिशिया पत्नी स्व. लक्ष्मी नारायण अपनी बेटी मीना के घर में रहती हैं। मीना दिल्ली में है। रहिशिया मंगलवार को मसुरी गांव गईं थी। घर में ताले पड़ थे। शनिवार को सुबह पड़ोस में रह रही दूसरी बेटी सुमन ने घर के ताले टूटे देखे तो मां रहिशिया व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मुख्यालय से पहुंची फोरेंसिक टीम ने नमूने लिए। वृद्धा रहिशिया ने बताया कि चोरों ने सारा सामान कमरे में बिखेर दिया। आठ लाख रुपये से भरा बैग चोर ले गए। बेटी मीना के जेवर भी अलमारी में रखे थे। उसे भी चोर उठा ले गए। सोने-चांदी के जेवरों की कीमत लाखों रुपये बताई गई है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है। चोरों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं !

# अतर्रा में टप्पे बाज ने उड़ाए चालीस हजार ।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा । अतर्रा नगरी के बांदा रोड स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस की दुकान के बाहर खड़ी एक युवक की बाइक से बैग मैं रक्खे 40 हजार रुपए से भरा बैग अज्ञात किशोर युवक लेकर रफूचक्कर हो गया।तमाम खोजबीन करने के बाद जब तब टप्पे बाज का पता नही चला तो थाना अतर्रा पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए मदद की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है की कस्बा बदौसा के मनीष सविता जो राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे प्रिंटर्स एवं जन सेवा केंद्र की दुकान चलाता है बीते शुक्रवार को अतर्रा पंजाब नेशनल बैंक शाखा अतर्रा में अपने खाते से आवश्यक कार्य हेतु ₹40हजार निकाल कर बैग में रखकर बांदा रोड स्थित ज्योति प्रिंटिंग प्रेस में कार्ड छपवाने आया हुआ था दिन लगभग 2:00 बजे जैसे ही प्रिंटिंग प्रेस के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर जिसमें ₹40 हजार से भरा बैग तथा आवश्यक कागजात रखकर दुकानदार से बातचीत करने लगा बातचीत के बाद मुड़ कर अपनी बाइक के पास पहुंचा तो रुपए से भरा बैग गायब था। तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। पास के एक दुकान के किशोर ने बताया कि एक युवक बाइक के पास खड़े देखा गया जिसको पहचानते नहीं है कई लोगों के साथ घटना के शिकार युवक ने अज्ञात युवक की तलाश के लिए हाथ-पैर मारे लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। घटना की सूचना थाना अतर्रा पुलिस को देते हुए मदद की गुहार लगाई है सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे मामले की जानकारी किया और सड़क के उस पार लगे सीसी कैमरे के फुटेज ही देखा उसकी तलाश भी की गई लेकिन कुछ हाथ नहीं लग सका है !

# सेक्टर 18 मार्केट मे बिजली का तार बना लोगों के जी का जंजाल

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा सेक्टर 18 मार्केट नोएडा में पुनर्विकास का काम शुरू करने से पहले उस पर डबल पोल स्ट्रक्चर लगाकर बिजली के



तार बिछाए गए थे। जिस समय इन केबलों को बिछाया गया था, उस समय कहा गया था कि जहां-जहां पुनर्विकास का काम पूरा होगा, वहां से इन्हें हटा दिया जाएगा। सुशील कुमार जैन अध्यक्ष सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा ने कहा, लेकिन आज 8 साल बाद भी इन केबलों को नहीं हटाया गया. इन केबलों को आज तक नहीं हटाया जा सका। जबकि इन केबलों को केवल अस्थायी केबल के रूप में स्थापित किया गया था क्योंकि एक नई बिजली आपूर्ति प्रणाली का निर्माण किया जाना है। लेकिन नई बिजली सिप्लाई लगाने के बाद नहीं हटाया गया। पिछले दो साल से पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और नोएडा प्राधिकरण के साथ मुख्य अभियंता द्वारा बताया जा रहा था कि छह माह बाद इन केबलों को हटा दिया जाएगा. लेकिन आज दो साल बीत जाने के बाद भी केबल नहीं हटाया गया। बार-बार किए वादे विफल हो रहे हैं। ये केबल सेक्टर 18 के बाजार के लिए खराब दाग हैं। जबकि तिकोना पार्क में नई बिजली आपूर्ति प्रणाली को तिकोना पार्क स्थित बिजली आपूर्ति प्रणाली के माध्यम से बाजार की आपूर्ति से जोड़ा गया है। इसके बाद भी इन केबलों को आज तक नहीं हटाया गया। सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा इस संबंध में लगातार हर तरह से आवाज उठा रहा है लेकिन कुछ नहीं हुआ।

एक बार फिर से अनुरोध है कि सेक्टर 18 से इन केबलों को हटाकर सेक्टर 18 बाजार की सुंदरता से जुड़े इस कलंक को दूर किया जाए।

सेक्टर 18 के अक्षय कपूर ने कहा कि ये केबल बाजार में ब्लैक स्पॉट हैं और इन्हें तुरंत हटाया जाना चाहिए। सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन के महासचिव कर्नल सुरजीत सिंह भसीन ने कहा कि इन अस्थाई केबलों को हटाया जाए क्योंकि ये पुनर्विकास कार्य की योजना मे हटायी जानी थी ।

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि थिए केबल बहुत बदसूरत दिखती हैं और सेक्टर 18 मार्केट के सौंदर्यीकरण के लिए इसे हटा दिया जाना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद इन केबलों को नहीं हटाया गया। अब मामला कुछ संदिग्ध लग रहा है।

# निकाय चुनाव को लेकर अतर्रा भाजपा ने बनाई रणनीति।

**दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।**

बांदा ।अतर्रा में एक मैरिज हॉल बांदा रोड तथा पर निकाय चुनाव से संबंधित अहम बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी कमलावती रही आगामी होने वाले स्थानीय निकाय के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जीत हासिल की जाए इस पर बृहद चर्चा की गई

इस बैठक के दौरान जिला प्रभारी कमलावती , जिला अध्यक्ष संजय सिंह , सांसद आर,के पटेल, जिला संयोजक स्थानीय निकाय अखिलेश दिक्षित पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडे , विधायक ओम मणि वर्मा नरैनी व पूर्व विधायक राज कारण कबीर निकाय अतर्रा के प्रभारी लवकुश चतुर्वेदी , राममूर्ति शुक्ला , एवं मंडल के मंडल अध्यक्ष वेद निराला कुशल संचालन मंडल महामंत्री रमेश शर्मा ने किया भारतीय जनता पार्टी मंडल के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे !

# बांदा में सामुदायिक सोख्ता गड्ढों के निर्माण में लापरवाही बरतने पर पांच पंचायत सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। डीपीआरओ अजय आनंद ने बताया कि गांवों को साफ रखने व जल भराव जैसी समस्या से निपटने के लिए प्रथम चरण में 469 ग्राम पंचायतों में से 382 में सोख्ता गड्ढों का निर्माण कराया जाना था।

इसके लिए ग्राम पंचायतों को 44 लाख 65 हजार 400 रुपये आवंटित किए हैं। प्रत्येक सोख्ता गड्ढे की लागत 19 हजार रखी गई। धनराशि हस्तांतरण के बाद भी नरैनी ब्लाक की ग्राम पंचायत नहरी, बिसंडा की पवइया, तेंदुरा और बिसंडी में अभी सोख्ता गड्ढों का निर्माण शुरू नहीं किया गया है। सचिव विनय सिंह, अरविंद, अखिलेश कुमार, राममूरत, हर्ष कुमार को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया। संतोष जनक उत्तर न मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी !

# वर्णवाल वैश्य महासंघ द्वारा दीपावली मिलन समारोह

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा के सेक्टर 74 सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में मनाया गया 'आयोजक शैलेंद्र वर्णवाल ने कहा कि गौतम बुध नगर में बड़ी संख्या में वर्णवाल वैश्य समाज के लोग रहते हैं जो आर्थिक समाजिक प्रशासनिक शैक्षणिक राजनीतिक आदि क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं कोरोना काल के बाद अब सभी क्षेत्रों में प्रगति हो रही है ' व्यापार शिक्षा उद्योग धंधे अब पटरी पर लौट रहे हैं '

दीवाली मिलन समारोह कार्यक्रम के माध्यम से वर्णवाल वैश्य समुदाय के लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया ' कार्यक्रम में सभी लोगों का माला पहनाकर एवं रोड़ी तिलक लगाकर स्वागत किया गया ' कार्यक्रम में महाराजा अहिबरन के इतिहास एवं उनके स्वर्णिम राज्य काल के बारे में लोगों को जानकारी दी गई '

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनोरम प्रस्तुति दी गई ' सभी लोगों को दीवाली की शुभकामनाओं के साथ गिफ्ट का



आदान-प्रदान दिया गया '

कार्यक्रम के उपरांत अल्पाहार वितरण किया गया '

आज के कार्यक्रम में शैलेंद्र वर्णवाल नंदन वर्णवाल रंजीत वर्णवाल राजीव वर्णवाल सुभाष बरनवाल राहुल संस्कृत विनीत रंजन सीमा जी सुमन जी नीलम जी खुशी आर्यनी आदिति रुद्रांश आदि बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में भाग लिए '

# कुशल खिलाड़ी कोटे में आरक्षी भर्ती 2022 हेतु आवेदन पत्र जमा करने की विशेष व्यवस्था

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में आरक्षी भर्ती 2022 के अभ्यर्थियों की दिक्कतों के दृष्टिगत आवेदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने हेतु एक विशेष प्राविधान किया गया है। अभी तक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के साथ ही आवेदन प्रपत्र व चालान की मूलप्रति व्यक्तिगत रूप से जमा करने हेतु केवल भर्ती बोर्ड कार्यालय लखनऊ में ही व्यवस्था की गई थी, किंतु पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थियों को लखनऊ तक आने जाने की असुविधा के दृष्टिगत उन्हें सहूलियत उपलब्ध कराने हेतु यह अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।इस व्यवस्था में रिजर्व पुलिस लाइन गाजियाबाद में एक विशेष पटल की व्यवस्था कर यहां आवेदन पत्र व चालान की मूल प्रति जमा की जा रही है। इसके लिए शनिवार, रविवार व राजकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर शेष समस्त कार्य दिवसों में दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक पूर्वाहन 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक पुलिस लाइन गाजियाबाद के सम्मेलन कक्ष में खुले पटल पर उनके प्रार्थना पत्र प्रतिदिन परीक्षण कर जमा किए जाएंगे और उन्हें लखनऊ तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इस कार्य हेतु श्री आर० के० चतुर्वेदी पुलिस महानिरीक्षक (से०नि०) के पर्यवेक्षण में भर्ती बोर्ड एवं स्थानीय पुलिस के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है जो दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक इस कार्य को संपन्न कराएगी।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन की नीतियों एवं निदेशों के अधीन उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के 534 पदों पर 22 खेलों के कुशल खिलाड़ियों के कोटे में चयन की प्रक्रिया प्रचलित है जिसमें 355 पुरुष व 199 महिला कुशल खिलाडियों का चयन प्रस्तावित है, जिसके लिए आवेदन पत्र दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक जमा किए जाने हैं। इस चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थीगण द्वारा अब तक किए गए प्रदर्शनों के प्रमाणपत्रों एवं चयन परीक्षण के समय प्रदर्शित किए उनके कौशल एवं निपुणता के आधार पर उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन किया जाना प्रस्तावित है।

# सेक्टर 39 मे आर डब्ल्यू ए द्वारा दीवाली मेला का आयोजन

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा सेक्टर 39 मे आर डब्ल्यू ए द्वारा दीवाली मेला का आयोजन किया गया।

इस मेले का आयोजन सेक्टर 39 मंदिर के सामने वाले क्रीड़ा स्थल में बड़े स्तर पर किया गया ।

मेले में 3000 से भी ज्यादा अतिथियों ने आनंद लिया और जिसमे सेक्टर में रहने वाले और बाहर के सेक्टर वाले अतिथियों ने भी भाग लिया । मेलेमें आऐगे हुए सभी दर्शकों ने मेले का लुत्फ उठाया और मेले की प्रशंसा भी खूब की।

ओएनजेसी और बीसीएनएल सोसाइटी में रहने वालों ने भी जोर शोर से इस मेले में भाग लिया।

इस मेले मे रविकान्त मिश्रा नरेन्द्र चोपड़ा जनशक्ति सेवा समिति ने भी कार्यक्रम में आकर अपना महतपूर्ण समय दिया।



और गणमान्य व्यक्तियों में योगेंदेर शर्मा अध्यक्ष फोनरवा, के के जैन, जनरल सेक्रेटरी, पवन यादव और नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों ने भी मेले की शोभा बढ़ाई।

दीवाली मेला के आयोजन का बहुत प्रशंसा मिली और अशोक खन्ना प्रेसिडेंट , टी एस अरोड़ा जनरल सेक्रेटरी , राहुल नैयर , वाईस प्रेसिडेंट दीपक वार्ष्णेय अरुण गुप्ता , संदीप मल्होत्रा , बृजेश गोयल , पी पी अग्रवाल , पवन अग्रवाल और संजय गोयल अजय भूटानी शम्मीअरोरा पहवा मिसज अंजु मल्होत्रा मिसज अंजली गोइलको सफल संयोजन के लिए बधाई दी गई।

# हाल के वर्षो में प्रदेश में सभी पर्व व त्योहार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो रहे, आगामी पर्व और त्योहार शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए जरूरी प्रयास किए जाएः मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री ने आगामी दीपावली एवं छठ पूजा के सुचारु आयोजन, अतिवृष्टि के बीच राहत कार्यों को तेज करने, स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभ उपलब्धता आदि महत्वपूर्ण विषयों के सम्बन्ध में शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए*

*दीपावली के लिए पटाखों की दुकानों व गोदामों को आबादी से दूर होना सुनिश्चित कराया जाए, जहां पटाखों का क्रय-विक्रय हो, वहां फायर टेंडर के पर्याप्त इन्तजाम किए जाए*

*किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर बिना विलम्ब किए, जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी खुद मौके पर पहुंचे, संवेदनशील प्रकरणों में वरिष्ठ अधिकारी लीड करें*

*हर नगर की जरूरत के अनुसार ट्रैफिक प्लान तैयार करें, यह सुनिश्चित किया जाए कि बाजार आने वाले लोगों को अत्यधिक ट्रैफिक की वजह से असुविधा न हो*

*हर दिन सायंकाल पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करे, पी0आर0वी0 112 एक्टिव रहे*

*त्योहारों के दौरान बिजली आपूर्ति सुचारु रखी जाए, पर्व व त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए*

*लम्पी वायरस के दृष्टिगत बलिया में ददरी मेले के दौरान आयोजित होने वाले पारम्परिक पशु मेले को स्थगित किया जाए*

*बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए, हर गांव के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर राहत कार्यों को तेज किया जाए*

*ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ ए0टी0एम0 और टेलीकन्सल्टेशन को और प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत*

*ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य मिशन मोड में किया जाए*

*सड़क निर्माण के साथ-साथ उसके रख-रखाव का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए, सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभाग प्रदेशव्यापी सड़क गड्ढामुक्ति अभियान को तेजी से आगे बढ़ाएं*

**लखनऊः 16 अक्टूबर, 2022**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, सतत संवाद और सभी वर्गों से मिल रहे सहयोग से हाल के वर्षों में प्रदेश में सभी पर्व व त्योहार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो रहे हैं। रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा, दशहरा और श्रावणी मेले सहित ईद, बकरीद, बरावफात, मुहर्रम आदि पर्वों पर प्रदेश में सुखद माहौल रहा। उन्होंने कहा कि बेहतर टीमवर्क और जनसहयोग का यह क्रम सतत जारी रखा जाए। आगामी पर्व और त्योहार शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई से पेश आया जाए। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता बरती जाए।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर आगामी दीपावली एवं छठ पूजा पर्व के सुचारु आयोजन, अतिवृष्टि के बीच राहत कार्यों को तेज करने, आम जन को स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभ उपलब्धता आदि महत्वपूर्ण विषयों के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में समस्त मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (क्षेत्र), समस्त पुलिस आयुक्त (कानपुर, गौतमबुद्धनगर, वाराणसी लखनऊ), पुलिस महानिरीक्षक (क्षेत्र), पुलिस उप महानिरीक्षक (परिक्षेत्र), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर आयुक्त, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी, जिला स्तर पर तैनात अधीक्षण, अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता (विद्युत) आदि अधिकारी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आने वाले दिनों में दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज, देवोत्थान एकादशी, अयोध्या दीपोत्सव, वाराणसी देव दीपावली और छठ महापर्व जैसे विशेष त्योहार हैं। इसके अलावा, बलिया का ददरी मेला, अयोध्या में पंचकोसी, 84 कोसी परिक्रमा, प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा स्नान, हापुड़ का गढ़मुक्तेश्वर मेला आदि का आयोजन भी इसी अवधि में है। लगभग ढाई साल के बाद सामान्य हुई स्थितियों के बाद इस बार त्योहारों में लोगों में अधिक उल्लास होना स्वाभाविक है। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत इस संवेदनशील समय में पूरी सतर्कता और सावधानी बरती जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दीपावली के लिए पटाखों की दुकानों व गोदामों को आबादी से दूर होना सुनिश्चित कराया जाए। जहां पटाखों का क्रय-विक्रय हो, वहां फायर टेंडर के पर्याप्त इन्तजाम किए जाएं। पुलिस बल की सक्रियता भी बनी रहे। पटाखों की दुकान खुले स्थान पर हो। इन्हें लाइसेन्स तथा एन0ओ0सी0 समय से जारी कर दी जाए। पर्यावरण और स्वास्थ्य की दृष्टि से अति संवेदनशील पटाखों के क्रय-विक्रय को हतोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना की भी परंपरा है। धार्मिक परम्परा एवं आस्था को पूरा सम्मान दिया जाए। प्रतिमा विसर्जन के लिए नदियों के स्थान पर तालाबों के प्रयोग के लिए लोगों को जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि छोटी सी घटना लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले सकती है। त्वरित कार्यवाही और संवाद-सम्पर्क अप्रिय घटनाओं को संभालने में सहायक होती है। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर बिना विलम्ब किए, जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी खुद मौके पर पहुंचे। संवेदनशील प्रकरणों में वरिष्ठ अधिकारी लीड करें। उन्होंने कहा कि थाना, सर्किल, जिला, रेन्ज, जोन, मण्डल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में समाज के प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। लोगों के लिए सकारात्मक संदेश जारी कराएं। मीडिया का सहयोग लें, ताकि शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे। पर्व और त्योहार खुशियों का अवसर होते हैं। हर व्यक्ति उल्लास, उमंग और आह्लाद में होता है। ऐसे में शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं। इसके दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी सावधानी व सतर्कता बरतें।



**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 16 अक्टूबर, 2022 को अपने सरकारी आवास प वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कानू व्यवस्था एवं अन्य विषयों की समीक्षा करते हुए।**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर नगर की जरूरत के अनुसार ट्रैफिक प्लान तैयार करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि बाजार आने वाले लोगों को अत्यधिक ट्रैफिक की वजह से असुविधा न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। हर दिन सायंकाल पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करे। पी0आर0वी0 112 एक्टिव रहे। पर्व और त्योहारों के इस उल्लासपूर्ण माहौल में लोगों के आवागमन में बढ़ोत्तरी स्वाभाविक है। बड़ी संख्या में लोग अपने घर जाते हैं। ऐसे में परिवहन विभाग द्वारा ग्रामीण रूट पर बसों की संख्या बढ़ाई जाए। खराब हालत वाली बसों को सड़क पर कतई न चलने दें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पर्व और त्योहारों के बीच ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र, पर्व, त्योहारों के दौरान बिजली आपूर्ति सुचारु रखी जाए। कहीं से भी अनावश्यक कटौती की शिकायत न आए। इसकी नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य वस्तुओं में मिलावट आमजन के जीवन से खिलवाड़ है। ऐसी प्रवृत्ति को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। पर्व, त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए। मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री की हर शिकायत पर तत्काल कार्यवाही हो। मिशन रूप में प्रदेशव्यापी निरीक्षण किया जाना चाहिए। मिलावटखोरों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लम्पी वायरस के दृष्टिगत बलिया में ददरी मेले के दौरान आयोजित होने वाले पारम्परिक पशु मेले को स्थगित किया जाए। इस वर्ष दुधारू पशुओं में लम्पी वायरस के संक्रमण की स्थिति है। इस सम्बन्ध में पशुपालकों को समय से जानकारी दे दी जाए। पशु मेला स्थगन के साथ-साथ उन्हें लम्पी वायरस से बचाव के सम्बन्ध में भी जागरूक किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत दिनों असमय हुई तेज बरसात से 15 जिलों में लगभग 15 लाख की आबादी प्रभावित हुई है। यह समय संवेदना और सहयोग का है। उन्होंने स्वयं (मुख्यमंत्री जी) भी ऐसे क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित लोगों से संवाद किया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए। हर गांव के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर राहत कार्यों को तेज किया जाए। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ प्रभावित लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार तैयार भोजन और सूखा राशन वितरण कराएं। जहां जलभराव की स्थिति हो, वहां पशुओं को अन्यत्र सुरक्षित स्थल पर शिफ्ट कराया जाए। इन स्थलों पर पशु चारे की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। एण्टी स्नेक वेनम की कमी न हो। मण्डलीय भ्रमण के लिए जा रहे मंत्री समूह को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी दी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों को एक्टिव रखें। एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0, पी0ए0सी0 तथा आपदा प्रबन्धन की टीमें 24ग7 एक्टिव मोड में रहें। आपदा प्रबन्धन मित्र, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की आवश्यकतानुसार सहायता ली जानी चाहिए। जिलाधिकारीगण नौकाओं, राहत सामग्री आदि का पर्याप्त प्रबन्ध रखें। बाढ़ अथवा जलभराव के कारण डेंगू, कॉलरा, डायरिया मलेरिया सहित वायरल बीमारियों के प्रसार की आशंका होती है। इसके दृष्टिगत समय से इन बीमारियों से बचाव के जरूरी इंतजाम किए जाएं। अस्वस्थ लोगों के उपचार के लिए सभी अस्पतालों में प्रबन्ध किए गए हैं। सर्विलांस को बेहतर करते हुए हर एक मरीज के स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के हर सी0एच0सी0 व पी0एच0सी0 का सर्वेक्षण कराते हुए वहां उपलब्ध चिकित्सकों और दवाओं की उपलब्धता की रिपोर्ट तैयार की जाए। जहां डॉक्टर की जरूरी हो, वहां बिना विलम्ब चिकित्सक तैनात किए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ ए0टी0एम0 और टेलीकन्सल्टेशन को और प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। लगातर प्रयासों से प्रदेश के हर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों से इमरजेंसी केस को लखनऊ रेफर करने की प्रवृत्ति उचित नहीं है। अपरिहार्य स्थिति को छोड़ कोई भी मेडिकल इमरजेंसी केस रेफर न किया जाए। हर मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का विवरण भी तैयार कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य मिशन मोड में किया जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मानव शक्ति का समय से प्रबन्ध कराया जाए। स्वच्छता कार्य की शासन स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि पहले कम बरसात और फिर अतिवृष्टि के कारण फसलों पर भी बुरा असर देखा जा रहा है। राज्य सरकार हर एक किसान के हित की सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। फसल सर्वेक्षण का कार्य यथाशीघ्र पूरा कर रिपोर्ट तैयार कर ली जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय से राहत राशि दी जा सके। राहत के सम्बन्ध में कार्ययोजना तय करते समय बटाईदारों के हित का भी ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़क निर्माण के साथ-साथ उसके रख-रखाव का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। समय-समय पर सड़कों की मरम्मत किया जाना भी जरूरी होता है। पी0डब्ल्यू0डी0, नगर विकास, सिंचाई, आवास एवं शहरी नियोजन, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, गन्ना विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग सहित सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभाग प्रदेशव्यापी सड़क गड्ढामुक्ति अभियान को तेजी से आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री श्री एस0पी0 गोयल, पुलिस महानिदेशक श्री डी0एस0 चौहान, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा, सूचना निदेशक श्री शिशिर, अपर सूचना निदेशक श्री अंशुमान राम त्रिपाठी सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## थाना सिरगिट्टी, बिलासपुर की बड़ी कार्यवाही अवैध हथियारों के खिलाफ,,,,7 नग पिस्टल और कट्टा सहित 6 नग जिंदा कारतूस बरामद

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर । अवैध एवं प्राणघातक हथियार रखने वाले अपराधियों के विरूध्द बिलासपुर पुलिस का बड़ा अभियान . 2 नग 7.65 एमएम पिस्टल एवं 6 जिंदा राउण्ड , 315 बोर के 2 देशी कट्टे एवं 2 जिंदा राउण्ड 1 नग 12 ड्ड आरोपी ॅ बोर का देशी कट्टा व 2 नग एयर पिस्टल , 01. राहुल तिवारी पिता शैलेष तिवारी उम्र 28 साल नि ० वार्ड नंबर 10 लालखदान थाना तोरवा जिला बिलासपुर जप्त हथियार -01 देशी पिस्टल 7.65 एमएम की व 03 जिंदा राउण्ड व पिस्टल की 01 खाली मैगजीन 02 , अंकित वर्मा उर्फ चिराई पिता रघुनंदन वर्मा उम्र 33 साल नि ० विष्णु चौक तिफरा थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर जप्त हथियार 01 नग 7.65 एम 0 एम की पिस्टल व 03 नग जिंदा राउण्ड व 01 नग एयर पिस्टल 03. जय सिंह चौहान पिता कुंजू सिंह चौहान उम्र 27 साल नि ० चौहान मोहल्ला लालखदान थना तोरखा जिला बिलासपुर जप्त हथियार -01 नग 315 बोर का देशी पिस्टल व 01 राउंड एवं 01 नग देशी पिस्टल 12 बोर व 01 नग एयर गन पिस्टल 04. उमेश श्रीवास उर्फ भोलू पिता राम खिलावन श्रीवास उम्र 27 साल नि ० नि ० चौहान मोहल्ला लालखदान थाना तोरवा जिला बिलासपुर जप्त हथियार -01 नग 315 बोर देशी कट्टा व 01 जिंदा राउण्ड झ्र 00 विगत दिनों थाना पचपेढ़ी स्थित ग्राम मानिकचौरी में गोलीकांड की घटना घटित हुई थी , इस घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल माथुर द्वारा गंभीरता से लेते हुए मोबाईल नंबर जारी कर सूचना देने की अपील की गई थी । इसके बाद मुखबीर ने बताया कि लालखदान क्षेत्र का जयसिंग चौहान पिता कुंजु सिंग चौहान के पास अवैध हथियार है एवं घुम घुम कर लोगो को जान से मारने की धमकी देता फिर रहा है जो नशे की हालत में किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है इस खबर की सूचना तस्दीक हेतु उन्होंने एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक हरविंदर सिंग को निर्देशित किया इस पर एसीसीयू की टीम द्वारा संदेही जयसिंग चौहान को उसके घर लालखदान से पकड़ कर कड़ाई से पुछताछ किया गया जो घर के अंदर कुलर में 01 नग 315 बोर का देशी पिस्टल व 01 राउंड एवं 01 नग देशी पिस्टल 12 बोर व 01 नग एयर गन पिस्टल रखा था बाद विस्तृत पुछताछ करने पर बताया कि उमेश श्रीवास उर्फ भोलू पिता राम खिलावन श्रीवास नि ० चौहान मोहल्ला लालखदान , राहुल तिवारी पिता शैलेष तिवारी नि ० वार्ड नंबर 10 लालखदान के पास भी अवैध हथियार है जो अमूमन लेकर घुमते फिरते है एवं मेरे से अक्सर जिंदा कारतूस की मांग करते रहते है इस सूचना पर तत्काल अलग अलग टीम बनाकर जयसिंग के बताये अनुसार उक्त संदेहियो को उनके मोबाईल लोकेशन व बताये गये पते के अनुसार पकड़ कर पृथक पृथक पुछताछ की गई तो 01. उमेश श्रीवास उर्फ भोलू के पास से झ्र 01 नग 315 बोर देशी कट्टा व 01 जिंदा राउण्ड , 02. राहुल तिवारी के पास से 01 देशी पिस्टल 7.65 एमएम की व 03 जिंदा राउण्ड व पिस्टल की 01 खाली मैगजीन मिली आरोपी राहुल तिवारी से कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने अंकित वर्मा उर्फ चिराई पिता रघुनंदन वर्मा उम्र 33 साल नि ० विष्णु चौक तिफरा के पास भी एक पिस्टल व राउण्ड होना बताया इसके बाद अंकित को भी घेराबंदी कर पकड़ा गया व कड़ाई से पुछताछ करने पर अपने घर में 01 नग 7.65 एम ० एम की पिस्टल व 03 नग जिंदा राउण्ड व 01 नग एयर पिस्टल रखना कबूल किया जिसे उसके निशान्देही पर घर से बरामद किया गया इस प्रकार मानिकचौरी गोली कांड के बाद से एसएसपी के निर्देश पर एसीसीयू टीम को देशी पिस्टल राउण्ड व अवैद्ध हथियार को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई । बिलासपुर पुलिस की इस तत्परता एवं अवैध हथियारों की धर पकड़ से जिले में किसी गंभीर घटना को रोकने में सफलता प्राप्त की है । उक्त कार्यवाही में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक हरविंदर सिंह , उ.नि. प्रसाद सिन्हा , उ.नि. अजय वारे , उ.नि. प्रभाकर तिवारी प्र 0 आर बलबीर सिंग , प्र 0 आर देवमून पुहूप आरक्षक हेमंत सिंह , दीपक उपाध्याय , गोविन्द शर्मा , सत्या पाटले , रामलाल सोनवानी की उल्लेखनीय भूमिका रही ।



## अखंड नवधा रामायण में शामिल हुए राजमहंत राजेश्वर भार्गव जिला पंचायत सभापति कृषि समिति..

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख मस्तुरी। मस्तुरी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकडी व खपरी पंचायत में अखंड नवधा रामायण आयोजन में विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति राजमहंत राजेश्वर भार्गव शामिल होकर मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान रामचंद्र की व्यासपीठ की पुजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।




इस दौरान उपस्थित श्रदालुओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति कृषि समिति के राजमहंत राजेश्वर भार्गव ने कहा कि भगवान रामचंद्र जी मयार्दा पुरूषोत्तम थे वे कभी असत्य के मार्ग पर नही चले हमें भगवान रामचंद्र के बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। भगवान रामचंद्र के जीवन चरित्र का आत्मसात करने हेतु प्रेरित कर मानव जीवन में मनोकामनाओ के लिए सभी में रामराज्य स्थापित किए जाने की कामना की।

## शिक्षा विभाग में पदोन्नति को लेकर लेन-देन का खेल जोरों से क्या दिवाली की बोनस ?

### समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख, राधेश्याम कोरी

बेलतरा-बिलासपुर। जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर मे प्राथमिक प्रधान पाठकों की पडोंन्नति में भारी विसंगतिया हैं जो अयोग्य व्यक्ति प्रधान पाठक बन रहे हैं जैसे प्रथम न्योक्ति तिथि 2007 हैं तखतपुर में बिल्हा में स्थानांतरित 2009 में आया तो उनका सीनियरिटी 2009 होगी 2018 के पहले क्योकि उस समय अन्य ब्लाक से आने पर सीनियरिटी उसी दिन से मानी जाती थी 2018 के बाद में सीनियरिटी रहेगी तो जिला में इस प्रकार 50 से 70 केस हैं। 2009 प्रेस नियुक्ति का प्रधान पाठक बन रहा हैं इस प्रकार जिला में 70 से 80 केश हैं जो शिक्षक का लिखा गया उसी को अधिकारी मान रहे हैं उनका प्रमाण पत्र जांच नही कर रहे हैं जबकि दावा आपत्ति मगाये गये हैं उसी कि जांच नही कर सकते क्योंकि नोट की खेल के कारण अयोग्य को भी योग्य बनाए जा रहे हैं ये तो "अंधेर नगरी चौपट राजा" बात हो गई।


कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)
अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी (शिक्षा)
जनपद पंचायत बिल्हा, बिलासपुर

## एसीसी कम्पनी के लोकसुनवाई (लोहर्सी) को लेकर लगातार विरोध,,,,जन आक्रोश फिर भी शासन प्रशासन मौन

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख मस्तूरी। एसीसी कम्पनी के प्रस्तावित 3 नवम्बर की जनसूनवाई प्रभावित गांव से बाहर रखें जाने से प्रभावित गांव विद्याडीह टांगर , भुडकुंडा, और गोडाडीह के ग्रामीण व किसान लगातार लोकसुनवाई की विरोध कर जनसुनवाई को बाहर लोहर्सी में न करके प्रभावित गांव में ही रखने की मांग पर अड़े हैं। विरोध कर रहे ग्रामीणों, किसानों की माने तो शासन प्रशासन और एसीसी कम्पनी वाले ऐसा नही करेंगे तो आगे उग्र आंदोलन होगा तथा जनसुनवाई में शांति भंग होने की संभावना है और अंत में उच्च न्यायालय के दरवाजा खटखटाकर जनहित याचिका डालने की बात कही । एसीसी लोकसुनवाई (लोहर्सी) के विरोध में प्रमुख से मिस्टर इंडिया भार्गव, रूपचंद टंडन, रामनाथ जीतपुरे, महादेव खूंटे, अजय सिंह, हरपाल सिंह, श्रीराम दिनकर, खेलन बंजारे, घनश्याम भार्गव, गणपत सिंह भार्गव, अनिल भार्गव, योगेश भार्गव, सतीश दिनकर, जगदीश भार्गव, हरिराम खांडे, प्रमोद पंकज, भागवत कुर्रे,भोजराम,अवधराम,लीलाराम दिनकर,जयनारायण, धनेश महिलांगे, कोमल भार्गव, कोटवार ध्रुवादास लक्ष्मीन देवी कुर्रे, सहेतरीन बाई लहरे,शिवकुमारी भार्गव, चमेली बाई बंजारे, जानकी बाई केंवट एवम् समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## भाविप गायत्री शाखा बरवाला ने करवाएं 38 लोगों की आंखों के ऑपरेशने

हिसार (राजेश सलूजा) : समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद् गायत्री शाखा बरवाला द्वारा आज तक कुल 38 लोगों की आंखों के निशुल्क सफल ऑपरेशन करवाए जा चुके हैं। प्रोजेक्ट चेयरमैन शिव कुमार कौशिक ने बताया कि यह ऑपरेशन भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा हिसार द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ऋषि नगर हिसार में करवाए गए है। इससे पूर्व 2 अक्टूबर को भाविप गायत्री शाखा बरवाला द्वारा टोहाना मार्ग पर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला बरवाला के प्रांगण में आंखों का निशुल्क जॉच कैंप लगाया गया था। जिसमे 273 लोगों की आंखो की जांच की गई थी जिसमे कुल 76 लोगों का मोतिया बिंद का ऑपरेशन होना योग्य पाया गया था। अन्य बचे हुए लोगों की आंखों के ऑपरेशन भी दीवाली के बाद करवाए जाएंगे। इस अवसर पर शाखा बरवाला अध्यक्ष टेक चंद मुदगल, प्रकल्प प्रमुख शिव कुमार कौशिक व रामनिवास वर्मा आदि मौजुद रहे।



## असम करीमगंज जिला अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई.

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : आज (शनिवार) करीमगंज जिले के अनुसूचित जनजाति के जिलाध्यक्ष दीबेंदू नाथ दास ने पार्टी का झंडा फहराकर बैठक की शुरूआत की. इसके बाद भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम का गायन किया गया। बैठक में असम परिवहन निगम के अध्यक्ष मिशन रंजन दास, प्रदेश उपाध्यक्ष अमलेंदु दास, प्रदेश सदस्य अमरेश राय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुब्रत भट्टाचार्य, जिला एसी बोर्ड के अध्यक्ष कृष्णा दास, राज्य सदस्य सुधांशु वैष्णब, करीमगंज नगर बोर्ड की अध्यक्ष अंजना राय मौजूद थे. बैठक की अध्यक्षता दिबेंदु नाथ दास, प्रयात दुल्लभछड़ा भाजपा मंडल सचिव पराग पाल, शक्ति केंद्र पूर्व अध्यक्ष एवं बर्तमान मंडल सदस्य नीलू सिन्हा, वर्तमान बूथ अध्यक्ष रणधीर सिन्हा, 91 से भाजपा महिला मोर्चा सचिव खुकुमणि सिन्हा, सुदर्शन दास, विजित चक्रबोर्ती. प्रयात के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि करीमगंज जिले के प्रत्येक गांव में रथ यात्रा निकाली जाएगी और ग्राम भ्रमण अभियान चलाया जाएगा. और केंद्र और राज्य सरकारें विकास कार्यों को विकसित करने के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर काम कर रही हैं भाजपा सरकार। विकास परियोजना पर प्रकाश डाला जाएगा और एसी गांव की समस्याओं को दर्ज किया जाएगा और सरकार से उन्हें हल करने का अनुरोध किया जाएगा। यह कार्यक्रम 26 नवंबर तक चलेगा।



## लोक जनशक्ति पार्टी अररिया (रामविलास ) की कार्यसमिति की बैठक मैं पारित हुए कई प्रस्ताव-प्रतिक रॉय

अररिया । अररिया नगर के आर एस वार्ड संख्या 01 मे लोक जनशक्ति पार्टी (र) की कार्यसमिति की बैठक नगर अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव की अध्यक्षता और जिला कोषाध्यक्ष सह उपाध्यक्ष छात्र प्रतिक रॉय जी के गरिमामयी उपस्थिति मे हुई। बैठक मे मुख्य रूप से सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी के विषय में एवं



लोजपा रामविलास को मजबूत करने के विषय में निर्देश दिया गया । अररिया वार्ड नंबर 1से प्रभारी भी नियुक्त किया गया। इस मौके पर श्रीराम वाहिनी के अध्यक्ष रिषिक कुमार सिंह , लोजपा राम विलास नगर प्रभारी अमित , नगर प्रधान महासचिव रवि जी, सुश्री रानी जी, श्रीमती आबिदा जी, सौरभ ठाकुर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सदस्यता अभियान पर ज्यादा फोकस रहा ।

## चित्रगुप्त पूजा को लेकर चित्रगुप्त मंदिर परिसर खरैयाबस्ती में हुई आम बैटक -रिंकू श्रीवास्तव

अररिया । श्री श्री 108 सार्वजनिक चित्रगुप्त पूजा को लेकर रविवार दिनांक 16. 10.2022 को चित्रगुप्त मंदिर परिसर खरैयाबस्ती में आम बैठक का आयोजन पुजा समिति के अध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक किया गया, जिसमें पूजा को लेकर चर्चा हुई। पूजा ,महाभोग, संध्या भजन,



प्रसाद,साउंड सिस्टम,डेकोरेशन आदि बातों पर चर्चा की गई।
बैठक में डॉ प्रभात कुमार कर्ण, नीरज कुमार, पंकज वर्मा, स्वर्णदीप वर्मा, राजीव रंजन, जय प्रकाश वर्मा,अमित रंजन सिन्हा, गोलू वर्मा,भगवान झा सहित अन्य बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 7वीं बार एशिया कप जीतकर देशवासियों का मान बढ़ाया है- संजीव मिश्रा।

पूर्णियां। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 7वीं बार एशिया कप जीतकर देशवासियों का मान बढ़ाया है। रियल एस्टेट के क्षेत्र में बिहार टॉपर पनोरमा ग्रुप के एम डी संजीव मिश्रा नें इस शानदार जीत पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत बहुत बधाई व आगामी स्पधाओं के लिए शुभकामनाएं दी है । पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता



करा रहे श्री मिश्रा नें कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बांग्लादेश में आयोजित महिला क्रिकेट एशिया कप 2022 जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अपने कड़े संघर्ष, अथक प्रयास एवं मेहनत से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यह जीत हासिल कर देश को गौरवान्वित किया है।

## मिसाइल मैन भारत रत्न डॉ. कलाम साहब की ऋण से भारत कभी मुक्त नहीं होगा- फिरोज आलम

शंकरपुर । फैसल एजुकेशनल सोसायटी शंकरपुर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न से विभूषित मिसाइल मैन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम साहब के जन्म दिन पर उनके जीवन दर्शन पर सोसायटी के चेयरमैन जनाब फिरोज आलम नदवी नें पूर्ण रूप से प्रकाश डालने के क्रम में कहा कि मिसाइल मैन भारत रत्न कलाम




साहब को कोटि -कोटि नमन! भारत आपके ऋण से कभी मुक्त नहीं होगा।

## भाजपा द्वारा आरक्षण बचाओ चुनाव कराओ में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का होगा आयोजन।

ब्यूरो/समाज जागरण, सुपौल

जिले में कल दिनांक 17 अक्तूबर 2022 रोज सोमवार को सुपौल प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा आरक्षण बचाओ चुनाव कराओ विषय पर नगर निकाय चुनाव स्थगन के विषय पर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया




जाएगा।वे भाजपा के जिलाध्यक्ष रामकुमार राय बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू सहित पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे।
धरना समाहरणालय के सामने पावरग्रिड के पास होगा।सभी से अनुरोध है कि धरना कार्यक्रम में समय से पहुंचकर सफल बनावे।

## बिहार थांग टा चैंपियनशिप 2022-23 का समापन

ब्यूरो चीफ लखीसराय से अनुराग आनंद की रिपोर्ट

लखीसरायः- जिला मुख्यालय स्थित बिहार राज्य थांग टा एसोसिएशन द्वारा आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप 2022-23 का दो दिवसीय आयोजन 15-16 अक्टूबर 2022 को जिला खेल भवन लखीसराय के प्रांगण आयोजित किया गया।जिसका आज समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी लखीसराय श्री संजय कुमार सिंह थे। विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी श्री परिमल जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती लखीसराय के अध्यक्ष श्री बबलू शर्मा, स्काई विजन पब्लिक स्कूल के प्रशासक सह प्राचार्य डॉ0 नीरज सिंह मौजूद रहे।मुख्य अतिथि का स्वागत बिहार के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों कोच,रेफरी,संघ के अधिकारियों द्वारा स्काउट/गाइड के विभिन्न तालियों एवं जयघोष द्वारा श्री मनीष कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कृत स्काउट ट्रेनर के नेतृत्व में किया गया।जबकि माननीय जिलाधिकारी महोदय का स्वागत भागलपुर की बेटी खिलाड़ियों द्वारा स्वागत गान गाकर एवं स्वागत नृत्य कर किया गया। स्वागत भाषण के रूप में जिला खेल पदाधिकारी श्री परिमल ने मुख्य अतिथि के साथ साथ सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। तदोपरांत थांग टा एसोसिएशन बिहार एवं क्रीड़ा भारती लखीसराय द्वारा जिलाधिकारी महोदय को बुके एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया गया। आदरणीय जिलाधिकारी महोदय द्वारा खेलो इंडिया में प्रतिभाग करने वाले थांग टा एसोसिएशन बिहार के तीन खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान कर अभिनंदन किया गया। वहीं बिहार के अन्य सभी जिलों से आये रेफरी ,कोच को भी टीशर्ट एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया गया।इसके बाद सभी जिलों से आए कुल लगभग 150 खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल्स से जिलाधिकारी महोदय हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किए। यह थांग टा खेल भारत का स्वदेशी खेल सुरक्षात्मक एवं बचाव के रूप मणिपुर से शुरूआत होकर देश के कोने कोने में खेला जाने लगा है। बिहार में भागलपुर जिला विजेता एवं पटना जिला उपविजेता के रूप में घोषित कर जिलाधिकारी महोदय दोनो टीम को सामूहिक रूप से शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।वहीं मंच का संचालन श्री मनीष कुमार जिला कोषाध्यक्ष क्रीड़ा भारती लखीसराय द्वारा किया गया ।इस अवसर पर थांग टा एसोसिएशन बिहार के संरक्षक राजेश कुमार सह,अध्यक्ष मनोज कुमार राय,राज्य सचिव विकाश कु ड्ड झा,टेक्निकल डायरेक्टर सुबोध कुमार यादव ,श्री बब्लू शर्मा अध्यक्ष क्रीड़ा भारती लखीसराय, ग्रेप्लिंग जिला सचिव मनीष कुमार,रवि कुमार,रौशन कुमार राष्ट्रीय ग्रेप्लर संदीप राज ,पिंटू कुमार यादव,रंजीत कुमार यादव ग्रेप्लिंग संघ अनय कुमार,चंदन कुमार सहित सैकड़ों खिलाड़ी ,कोच, रेफरी एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला इकाई का हुआ विस्तार, महिला शिक्षिकाओं को संगठन में मिली जिम्मेदारी

### अपने अधिकारों के लिए अब साथ मिलकर संघर्ष करने का शिक्षिकाओं ने लिया संकल्प

अररिया । टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ अररिया के तीन साल पुरा होने के बाद महिला शिक्षिकाओं ने संगठन के कार्यशैली से प्रभावित होकर संगठन के प्रति अपनी आस्था जताई और दर्जनों शिक्षिकाओं को संगठन के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति और लोकतांत्रिक तरीके से मनोनीत किया गया। रविवार को स्थानीय क्रिएटिव पब्लिक स्कूल के प्रांगण में टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें ज़िले के विभिन्न प्रखंडों से टीईटी सीटीईटी उत्तीर्ण शिक्षक/शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया।इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और उसके समाधान को लेकर बिन्दु वार चर्चा की गई। इस मौके पर शिक्षिकाओं ने अपना मंतव्य रखते हुए बताया कि स्थानांतरण की प्रक्रिया जल्द शुरू होनी चाहिए कई, शिक्षिका ऐसी हैं जो घर परिवार छोड़कर दूसरे जिलों में कार्यरत हैं, जिस वजह से उन्हें कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता है। साथ ही अन्य जिलों और प्रदेशों के दूर दराज के शिक्षकों के ऐच्छिक स्थानांतरण के मुद्दे पर भी भी चर्चा की गई। इस मौके पर बकाया अंतर वेतन भुगतान को लेकर संगठन की ओर प्रदेश स्तर से तैयार की गई आगामी रणनीति से शिक्षकों को अवगत कराया गया। नवनियुक्त शिक्षकों के ईपीएफ और सेवा पुस्तिका संधारण संबंधित कार्यों के



वास्तविक स्थिति की समीक्षा की गई और आगे का रणनीति तय किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश सचिव जेपी यादव द्वारा सर्वसम्मति से जिला उपाध्यक्ष के रूप में सुमन श्रीवास्तव, प्रियांजलि सिंह तथा प्रीति कुमारी को मनोनीत किया गया वहीं जिला सचिव के रूप संजू यादव,उम्मे हानी तथा मोनिका श्रीवास्तव तथा अररिया नगर अध्यक्ष के रूप में राज कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आफताब फिरोज ने की इस मौके पर मंच संचालन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पुजा कुमारी ने किया। संगठन की ओर से सभी मनोनीत पदधारकों का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया गया। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष मेराज खान, महिला प्रकोष्ठ की जिला सचिव सारिका स्नेही, जिला वरीय उपाध्यक्ष दीनबंधु यादव, जिला महासचिव सचेंद्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, जिला प्रवक्ता राहुल झा, जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार, रानीगंज प्रखण्ड उपाध्यक्ष रामलाल मण्डल, रानीगंज प्रखण्ड उपाध्यक्ष अच्छेलाल कुशवाहा, जोकीहाट प्रखण्ड अध्यक्ष मुदस्सिर आलम, पलासी प्रखण्ड महासचिव उदय कुमार, शमसाद आलम, कुसाकांटा प्रखंड से जिला प्रतिनिधि राजेश कुमार, दीपक कुमार, शिक्षिका प्रीति कुमारी, किरण भारती, छोटी कुमारी, कुमारी आरती, ललिता कुमारी आदि दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

इस दौरान संगठन के प्रदेश सचिव ने कहा कि शिक्षकों की तमाम समस्याओं के समाधान को लेकर जिला से राज्य तक संघर्ष जारी रखा जाएगा। समान कार्य समान वेतन व पुरानी पेंशन, स्थानांतरण, अंतर वेतन जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर हम पुरी तत्परता से संघर्ष जारी रखेंगे।

## खिलाड़ी खेल अनुशासन के महत्व को जानते हैं, इसलिए इस प्रतियोगिता को लेकर सबों में बेहद उत्साह है- संजीव मिश्रा

### जिला स्कूल ग्राउण्ड में पैनोरमा क्रिकेट मैच खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

पूर्णियां के जिला स्कूल ग्राउण्ड में पनोरमा स्पोर्ट्स क्रिकेट मैच खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका के अगुआई में पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने फीता काटकर खेल का उद्घाटन किया। एम एल ए श्री खेमका और पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा नें खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इधर पनोरमा परिवार की ओर से मौके पर श्री मिश्रा नें सदर विधायक श्री विजय खेमका जी को बुके देकर सम्मानित किया साथ ही उन्होने अपने संबोधन में सबों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान संजीव मिश्रा नें कहा की खेल




में खिलाड़ी इसके अनुशासन के महत्व को जानते हैं, इसलिए इस प्रतियोगिता को लेकर सबों में खूब उत्साह भी है। सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/ प्रिंट मीडिया पूर्णियाँसे बात करते हुए श्री मिश्रा नें कहा कि पैनोरमा स्पोर्ट्स में पैनोरमा क्रिकेट का शुभारंभ 16 अक्टूबर 2022 शाम 5:30 बजे जिला स्कूल मैदान पूर्णियां के प्रांगण में किया गया है ।आप सभी पत्रकार बन्धुओं का आपार सहयोग और भरपूर मार्गदर्शन हमें इस पैनोरमा स्टार सीजन 5 में प्राप्त होता आया है ।

## जिले में बढ़ रहा है डेंगू का कहर, अब तक 17 संक्रमित

### फोगिंग के साथ जन जागरूकता को ले जारी है विभागीय पहल

अररिया । जिले में डेंगू का कहर जारी है। संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 17 पर जा पहुंची है। साथ ही आने वाले दिनों में इसमें बढ़ोतरी की संभावना बरकरार है। गौरतलब है कि देश के बड़े महानगरों के साथ-साथ पटना, मूंगेर, भागलपुर, गया सहित राज्य के कई जिले इस समय डेंगू से खासा प्रभावित हैं। त्योहारों के इस समय बड़ी संख्या लोग अपने घर लौट रहे हैं। लिहाजा संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी का अंदेशा है। बहरहाल डेंगू के खतरों से निपटने में जिला स्वास्थ्य विभाग ने अपनी पूरी ताकत झोंक चुका है। प्रभावित इलाकों में फोगिंग के साथ-साथ संक्रमण के संभावित ठिकानों पर व्यापक पैमाने पर जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू के खतरों से निपटने के लिये विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। लेकिन इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिये आम लोगों का सहयोग व समर्थन जरूरी है। संक्रमित मरीज की सूचना मिलने के तुरंत बाद प्रभावित इलाकों में फोगिंग कराया जा रहा है। संक्रमित व्यक्ति के



आसपास लगभग 250 से 300 घरों में फोगिंग संपन्न कर मच्छर के पनपने व रोग के प्रसार की संभावना को खत्म करने की कोशिशें जारी है। प्रशिक्षित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ सदर अस्पताल व अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज में 10 बेड का डेंगू वार्ड संचालित किया जा रहा है। संक्रमित सभी 17 रोगियों के घरों के आसपास फोगिंग का कार्य संपन्न हो चुका है। शहरी इलाकों में फोगिंग के लिये अनुमंडल प्रशासयन व नगर प्रशासन का सहयोग लिया जा रहा है।

जिले का फारबिसगंज प्रखंड अधिक प्रभावित

बीते एक सप्ताह के दौरान जिले में डेंगू के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बीते शुक्रवार को ही जिले में संक्रमण के 07 नये मामले सामने आये। इससे पूर्व विभागीय स्तर से 10 लोगों के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी थी। अब तक डेंगू के सबसे अधिक 08 मामले फारबिसगंज प्रखंड में मिले हैं। महज एएनएम कॉलेज में अब तक 04 के संक्रमित होने की सूचना है। इसके अलावा फारबिसगंज के मिजार्पुर, भागकोहलिया, सहवाजपुर, ढोलबज्जा, परवाहा से 01-1 मरीज मिलने की सूचना है। इसके अलावा नरपतगंज में 05, अररिया में 02, रानीगंज में 01, कुसाकांटा में 01, से सामने आये हैं।

## बिहार राज्य किसान मजदूर संयुक्त संघर्ष समिति का हुआ जिला स्तरीय बैठक

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश

पालीगंज/ रविवार को स्थानीय बाजार स्थित जयप्रकाश आश्रम में किसानों की समस्या को लेकर बिहार राज्य किसान मजदूर संयुक्त संघर्ष समिति का पटना जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।





जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता बिहार राज्य किसान मजदूर संयुक्त संघर्ष समिति के पटना जिला महासचिव सह पूर्व मुखिया चंद्रसेन कुमार ने किया। वही बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद बिहार राज्य किसान मजदूर संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सह पालीगंज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. श्यामनन्दन शर्मा ने कहा कि केंद्र एवंग राज्य सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण बिहार के किसान सबसे ज्यादा संकट में हैं। बिहार में कृषि विकास के सभी संसाधनों को ध्वस्त कर दिया गया है। नहर, सरकारी नलकूप, आहर, पोखर, नदी नाले सभी सरकारी उपेक्षा के शिकार हो गए हैं। किसानो को खेती छोड़ने पर विवश कर दिया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा की जिस अनुपात में कर्मचारियों को मंहगाई भत्ते मिलते हैं उसी अनुपात में किसानों के लिए समर्थन मूल्य बढ़ाने व उसकी गारंटी करने का सरकार कानून बनाये। 2006 में भंग किये गए बाजार समिति को पुनः बहाल किया जाए। हर प्रखण्ड में अवस्थित कृषि फार्म को आधुनिकीकरण व पुनर्जीवित किया जाए। सोन नहर का आधुनिकीकरण, कदवन जलाशय का अविलम्ब निर्माण किया जाए तथा तत्काल वैकल्पिक रूप में पटना कैनाल में सोन नदी से लिफ्ट सिंचाई द्वारा पानी डाला जाए। उर्वरक आपूर्ति की गारंटी हो। ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों एवंग स्कूलों के गुणवत्ता में सुधार किया जाए प्रखड व अंचल कार्यालय में कृषि सम्बन्धी अनियमितता को दूर किया जाए। महीना में कम से कम 1 बार किसानों व अधिकारियों के बीच संबाद की गारंटी की जाए।

वही बैठक के दौरान 20 नवम्बर 2022 को जयप्रकास आश्रम में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर सुरेंद्र शर्मा, गया शर्मा, ज्वाला स्वरूप, अभय कुमार, पिंकू शर्मा, विजय सिंह, राजकिशोर सिंह, योगेंद्र सिंह, शिवप्यारे सिंह व अश्विनी कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय दर्शन परिषद् का तीन दिवसीय 66 वां वार्षिक अधिवेशन में बी एन एम यू से भाग ले रहे हैं डॉ. सुधांशु

जामनगर/ मधेपुरा । 'कृष्णभक्ति चिंतनधारा' विषय पर केंद्रीत अखिल भारतीय दर्शन परिषद् का तीन दिवसीय 66 वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को खीजड़ा मंदिर ट्रस्ट, जामनगर (गुजरात) में शुरू हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के विद्वानों की महती उपस्थित रही। इनमें आचार्य श्रीकृष्ण मणि महाराज, स्वामी देवप्रसाद जी महाराज, प्रो. (डॉ.) बलवंत जानी, प्रो. (डॉ.) सच्चिदानंद मिश्र, सामान्य अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सोहनराज तातेड़, अध्यक्ष डॉ. जटाशंकर, सचिव डॉ. जेएस दुबे आदि प्रमुख थे।
डॉ. शेखर ने बताया कि अधिवेशन में बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इसमें बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के डॉ. सरोज कुमार वर्मा, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. विजय कुमार एवं डॉ. शशिभुषण, वीकेएसयू, आरा से डॉ. शिवपरसन सिंह एवं रणविजय सिंह, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. ज्योति सिंह एवं डॉ. नीरज प्रकाश और बीएनएमयू, मधेपुरा के डॉ. सुधांशु शेखर आदि भी शिरकत कर रहे हैं।



डॉ. शेखर ने बताया कि उन्होंने बताया कि सोमवार को पांच विभागों, यथा- तर्क एवं ज्ञान-मीमांसा, नीति दर्शन, धर्म-मीमांसा, तत्व-मीमांसा और समाज दर्शन में शोध आलेख प्रस्तुत किया जाएगा। उनका पत्र नीति दर्शन विभाग में महात्मा गांधी एवं डॉ. अंबेडकर का दलित-मुक्ति संबंधी विचार : एक तुलनात्मक एवं समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर है।

## मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा का महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद की टीम ने लिया जायजा

### नैक एकरीडिटेड मधेपुरा महाविद्यालय की गतिविधि से प्रसन्न दीखे निरीक्षण टीम

मधेपुरा । महात्मा गांधी राष्ट्रीय शिक्षा परिषद टीम मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा निरीक्षण के लिए पहुंची। टीम का नेतृत्व स्थानीय टीपी कॉलेज मधेपुरा इतिहास विभाग की सहायक प्राचार्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर स्वर्णमणि रिसोर्स पर्सन के रूप में किया। टीम के पहुंचते ही महाविद्यालय परिवार ने सर्वप्रथम पारंपरिक रूप से सभी सदस्यों का स्वागत किया ।स्वागत के उपरांत प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा बीएन मंडल विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि आज यह टीम यहां पहुंची है शिक्षा परिषद की टीम को मदद करने के लिए प्रधानाचार्य ने महाविद्यालय के नैक प्रभारी सच्चिदानंद सचिव,वर्ग प्रभारी सहायक प्राचार्य मनोज कुमार, उपाचार्य डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा ,परीक्षा नियंत्रक अभय कुमार, नामांकन प्रभारी तेजस्वी प्रसाद यादव ,पुस्तकालय प्रभारी विवेकानंद कुमार सहायक प्राचार्य भूगोल विभाग के साथ-साथ लेखा शाखा के लेखापाल प्रधान सहायक एनसीसी के लेफ्टिनेंट गौतम कुमार कीड़ा विभाग के पदाधिकारी रत्नाकर भारती, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर आरती झा तथा मोहम्मद



शोएब आलम को निर्देशित करते हुए कहा कि टीम को संपूर्ण महाविद्यालय की सभी विभागों एवं गतिविधियों की जानकारी दी जाए। निरीक्षण के क्रम में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वच्छता अभियान सतत विकास व क्रियान्वयन योजना के गाइडलाइन अनुसार महाविद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधाएं एवं संसाधन का जायजा लिया। साथ ही कला विज्ञान एवं वाणिज्य के सभी प्रायोगिक कक्षाओं का जायजा लेते हुए फोटोग्राफी पुस्तकालय ,खेल विभाग ,एनसीसी विभाग ,
राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग एवं अन्य सभी संसाधनों का फोटोग्राफी यथा प्रसाधन की व्यवस्था स्वच्छ जल सुविधा नालियों की साफ-सफाई कूड़ेदान हरित परिसर छात्र छात्राओं के पठन-पाठन की व्यवस्था साइकिल स्टैंड कॉमन रूम के साथ-साथ पूछताछ काउंटर काउंसलिंग सेल आदि को देखते हुए काफी प्रसन्न देखे ।टीम ने कहा यह महाविद्यालय नैक एकरीडिटेड महाविद्यालय है जैसा कि जानकारी मिली है ।यह इस इलाके के लिए यह कॉलेज अपने आप में गौरव का विषय है ।साथ ही विश्व स्तर पर यह महाविद्यालय इस इलाके का परचम फहराया है ।हमलोग इसके लिए अपनी ओर से साधुवाद एवं पूरे महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## डिग्री प्रथम खंड के नामांकन में बहुत महाविद्यालयों में छात्राओं से भी शुल्क वसूला जा रहा है जो सरासर अवैध है- प्रो.एम पी सिंह

अररिया । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया का एक बैठक स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर सह मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. बैठक में छात्र छात्राओं की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उसके निदान के लिए रणनीति बनाई गई.
बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि प्रथम खंड के नामांकन में बहुत महाविद्यालयों में छात्राओं से भी शुल्क वसूला जा रहा है जो सरासर अवैध है. यह ज्ञात हो कि छात्राओं का शुल्क माफ है. उन्होंने कहा कि जिन महाविद्यालयों में छात्राओं से शुल्क लिया गया है उसे वापस करना ही होगा. एमपी सिंह ने कहा कि



प्रथम खंड का परीक्षा बहुत पहले ही हो चुका है लेकिन परिणाम अभी तक घोषित नहीं किया गया है जिससे छात्र छात्राओं में बहुत ही नाराजगी है. परिणाम घोषित नहीं होने के कारण सबसे अधिक उन छात्रों को परेशानी हो रही है जिन्हें तृतीय खंड में नामांकन कराना है लेकिन वह प्रथम खंड में प्रमोटेड था जिसका परीक्षा उसने दिया है. उन्होंने छात्र छात्राओं को आश्वासन दिया कि पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय से वार्ता कर शीघ्र ही परिणाम को घोषित कराया जाएगा. यदि परिणाम घोषित होने में और अधिक विलंब होगा तो परिषद को बाध्य होकर छात्र हितों के लिए सड़क पर आना पड़ेगा.
बैठक में प्रदीप ठाकुर, सागर झा, पंकज कुमार, राहुल आर्यन, अरुण कुमार शाह, कार्तिक कुमार, शुभम कुमार, रोशन सिंह, आनंद कुमार, विकास कुमार, अचिंत कुमार सिंह आदि शामिल थे.

## मुख्यमंत्री नितीश कुमार के गलत नीतियों के कारण नगर-निकाय चुनाव पर रोक लगी - ई. प्रभाष कुमार

### नीतीश कुमार ने पांचवी बार यह शपथ लिया है कि जब तक वह जीवित रहेंगे तब तक भाजपा में नहीं जाएंगे। ऐसी शपथ तीन बार वह राजद के लिए भी ले चुके हैं

मधेपुरा । मुख्यमंत्री नितीश कुमार के गलत नीतियों के कारण नगर-निकाय चुनाव पर रोक लगी और जो आरक्षण का लाभ बिहार के अतिपिछड़ों को मिलता उससे वो वंचित रह गए। उक्त बात भाजपा नेता ई. प्रभाष कुमार नें कही ।एक प्रश्न के उत्तर में ई. प्रभाष नें कहा कि पलटी मारकर आठवीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार ने पांचवी बार यह शपथ लिया है कि जब तक वह जीवित रहेंगे तब तक भाजपा में नहीं जाएंगे। ऐसी शपथ तीन बार वह राजद के लिए भी ले चुके हैं। उनकी कथनी और करनी को लोग समझ रहे हैं ।
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अतिपिछड़ा विरोधी हैं।जब भाजपा के साथ थे तब अतिपिछड़ा को आरक्षण का प्रावधान किया गया था। आज जब महागठबंधन में है तो साजीशन आयोग गठित न कर जल्द



बाजी में नगर निकाय चुनाव का घोषणा करवा दिया गया। नीतीश कुमार को मालूम था कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के स्थानीय निकाय के चुनाव में माननीय उच्चतम न्यायालय आरक्षण रोस्टर के कारण रोक लगाई गई थी।अतः नीतीश कुमार अतिपिछड़ा विरोधी हैं । अतिपिछड़ा का आरक्षण जारी रहना चाहिए। नीतीश कुमार की वजह से आरक्षण के कारण चुनाव स्थगित हुआ है ।यह सरकार अतिपिछड़ा विरोधी है।
बिहार में नगर निकाय का चुनाव नीतीश कुमार के कारण स्थगित हुआ है। अगर आयोग का गठन कर आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाता तो माननीय उच्च न्यायालय और माननीय उच्चतम न्यायालय चुनाव स्थगित करने आदेश पारित नहीं करती। अतिपिछड़ा का आरक्षण हो या नगर निकाय चुनाव स्थगित करने का मामला हो इसके जिम्मेवार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है।

## उद्धम कॉन्ट्रक्शन ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश

पालीगंज/ प्रसादी इंग्लिश बाजार में रविवार को लोकभारती व एलआईसी एचएफएल की ओर से उद्धम कॉन्ट्रक्शन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार आयोजित कार्यक्रम का संचालन रंजन कुमार दास ने किया। इस दौरान सभी 40 बच्चों के बीच लोकभारती और एलआईसी एचएफएल की तरफ से सर्टिफिकेट, बैग व सेफ्टी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के ही माध्यम से ट्रेनिंग की गुनवत्ता और




उससे मिलने वाले लाभ पर भी चर्चा की गई। बच्चों से भी ट्रेनिंग और रोजगार पर बात हुई। मौके पर शांतनु द्विवेदी ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की ट्रेनिंग क्षेत्र में देने की आवश्यकता है जिससे ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवा लोगो को लाभ मिले और वो भी इन बच्चों की तरह आगे बढ़ सके।

मौके पर शान्तनु द्विवेदी, पंकज कुमार, चंदन कुमार व गुड्डू कुमार शैतानी लोग मौजूद थे।

## अवैध रूप से गांजा की खरीद बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ कर किया गिरफ्तार

*दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट यासिर अराफात*

पाकुड़/ मुफस्सिल थाना अंतर्गत रामचंद्रपुर गांव में मोड़ के पास एजाजुल शेख पिता कालू शेख को अवैध रूप से गांजा की खरीद बिक्री करते हुए मुफस्सिल थाना की पुलिस टीम ने रंगे हाथों पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया। तत्पश्चात आगे की कार्रवाई करते हुए पाकुड़ मुफस्सिल थाना कांड संख्या 262/22 धारा 20(इ)(2)/22 एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत अभियुक्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर मुफस्सिल थाना की पुलिस टीम ने रामचंद्रपुर मोड़ के समीप यह छापामारी की। जिस छापामारी में खुद थाना प्रभारी मिंटू भारती मौजूद थे। बताते चलें कि मुफस्सिल थाना अंतर्गत बहुत सारे पंचायतों में नशीले पदार्थ गांजा अफीम चरस का काला कारोबार चल रहा है। कई बार अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद मुफस्सिल थाना ने यह कार्रवाई की है। हालांकि इलामी मनीरामपुर जैसे गांव में अभी भी धड़ल्ले से नशीले पदार्थ का काला कारोबार किया जा रहा है।



## जदयू के कार्यकर्ता रांची के सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज की

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अविनाश मंडल**

राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक सभा सदस्य माननीय ललन सिंह जी का झारखंड रांची में कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने अपने कार्यकताओं के साथ उपस्थिति दर्ज की,जनता दल यूनाइटेड की राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पाकुड़ जिला के जिला अध्यक्ष गौतम मंडल अपने जिला के पदाधिकारी सभी प्रखंड अध्यक्ष के साथ रांची के राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने हुए सभी कार्यकताओं के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की



## पाकुड़ के सदर प्रखंड में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अविनाश मंडल**

पाकुड़/ नेहरू युवा केंद्र पाकुड़ के द्वारा स्वच्छ भारत 2.0 अभियान के तहत सदर प्रखंड के स्वयंसेवक खुशबू पटवा एवं साथियों के द्वारा स्वच्छ भारत 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। एवं कई जगहों को प्लास्टिक मुक्त बनाने में स्वयंसेवकों ने अपना योगदान दिया यह अभियान नेहरू युवा केंद्र पाकुड़ के बैनर तले चल रहा है जो 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसी तरह से पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी नेहरू युवा केंद्र पाकुड़ के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन जी के द्वारा दिया गया।



## पाकुड़ में प्रशिक्षण नवंबर माह से प्रारंभ होना तय

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अविनाश मंडल**

आज फुटबॉल की बैठक मानिक चंद्र देव के आवास पर आयोजित किया गया, बैठक में बाबूधन मुर्मू के अध्यक्षता में निर्णय लिया गया है। कि प्रशिक्षण शिविर में रजिट्रेशन के लिए 500 रुपए और मासिक शुल्क 300 रुपए रखा गया है।
ईस मुन्नतम शुल्क स्कूल तथा कालेज के बिदार्थी को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिसे सभी स्तर खिलाड़ी अपना नाम दर्ज सके। फुटबाल कोच कोलकाता के 1st division टीम के है।
जिनका नाम प्रोनब चक्रबोर्ती (बापी दा) के नाम से प्रसिद्ध है।
बैठक में उपस्थित रहे,विजय हेमब्रम,जय टुडू, प्रकाश हंसदा, मोनू मरांडी, कल्याण मिश्रा,देब मुखर्जी एवं अन्य उपस्थित रहे



## सलग बीएसएफ वाहन और टेंपो में टक्कर एक की मौत 4 घायल

**ब्यूरो चीफ लखीसराय से अनुराग आनंद की रिपोर्ट**

लखीसराय(सूर्यगढा.):- जिले के लखीसराय मुंगेर राष्ट्रीय राजमार्ग सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के नीरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीएसएफ जवान से भरी ट्रक ने एक टेंपो में टक्कर मार दी टेंपो और ट्रक की भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं एवं घायलों में से एक की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है तथा किस का इलाज हेतु सूर्यगढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी क्लीनिक में घायलों का इलाज किया जा रहा है घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि यात्रियों से भरी टेंपू कजरा से सूर्यगढ़ा की ओर आ रही थी इसी दौरान नीरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप दुर्घटना घटी जिसमें की एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 4 अन्य घायल बताए जा रहे हैं उक्त हादसे में मृतक सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव का रहने वाला 20 वर्षीय सत्यम कुमार हैं



## संजीवनी।

हमने अजनबीयों से मिलकर एक घर बना लिया,
बिखरे पत्तों टहनियों से एक सजर बना लिया।

लाख मिन्नतें भी हमारी काम ना आई उन पर,
हमने कैनवास पर रंगों का हसीन मंजर बना लिया।

उनकी खुशबू खयालों से भीगे हुए थे हम,
ख्वाबों ने मुझे आशिकों का सिकंदर बना लिया।

वादा करके भी लौट कर ना आए फिर,
अपने को उनके मकां का प्रस्तर बना लिया।

जमाने ने उनको सर आंखों पर रखा फिर भी,
दुनिया को पैरों से लुड़कता पत्थर बना दिया।

उनकी बेवफाई के किस्से अनगिनत हैं लेकिन,
हमने तनहाइयों को अपना हमसफर बना लिया।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़,**

## पाकुड़ जिले के पत्थर उद्योग अवैध कृत्यों को लेकर वैध लीज स्वीकृत मे भी अड़चन

### पत्थर उद्योग की लाचारी के कारण मजदूरों अपने घर छोड़ दूसरे शहर को पलायन हो रहे.

पाकुड़ : पाकुड़ जिले का एक मात्र उद्योग काला पत्थर पाकुड़ जिले को पत्थरों के नाम से देश में अलग पहचान हैं पाकुड़ जिले का पत्थर उद्योग पुजा सिंघल प्रकरण के बाद थम सा गया है पाकुड़ जिले के माल पहाड़ी इलाकों में माल पहाड़ी, सुंदरा पहाड़ी, खपड़ाजोला, श्री रामपुर, सालबोनी, विशनपुर, राजबांध हिरणपुर प्रखंड के बिरग्राम, तुरसाडीह, बेलपहाड़ी, बेलडीहा, धोबाड़ंगा सिऊलीडांगा, मानसिंहपुर पाकुड़ प्रखंड के कालिदासपुर के पत्थर व्यवसाई जो वास्तव में सारी प्रक्रिया को दुरुस्त कर अपना कार्य कर रहे है उनके लिए भी एक समस्या है अवैध खनन अवैध खनन माफियाओं के चलते वैध खदानों की सारी प्रक्रिया पुरी हो जानें के बाबजूद जिला प्रशासन अब तक खनन पट्टा स्वीकृति नही दे रहे हैं खनन क्षेत्र में मजदूरी करने वाले मजदूरों के सामने भूख मरी जैसे हालात उत्पन्न हुईं हैं और वह दुसरे प्रदेशो में अपनी मजदुरी कि तलाश में भटक रहे है पाकुड़ जिला प्रशासन अगर अवैध खनन माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही की है तो वैध खदानों को खनन पट्टा स्वीकृति मे कैसी लेट लतीफी है पाकुड़ जिले में पत्थर व्यवसाई को वैध रुप से चलने के लिए समय अनुकूल सभी कारवाई तय सीमा पर करने की आवश्यकता है।



## हिरणपुर पुलिस ने पकड़ा कोयला, चोर मोटरसाइकिल में लदा हुआ था कोयला

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट सतनाम सिंह**

पाकुड़/हिरणपुर थाना पुलिस ने कल गुप्त सूचना पर छापेमारी की जिसमे मोटरसाइकिल से अवैध तरीके से कोयला को सप्लाई करते हुए दो लोगो को पकड़ा गया है, बीते रात हिरणपुर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज को एक गुप्त सूचना मिली की कुछ मोटरसाइकिल कोयला तस्कर सहारग्राम से कोयला चोरी कर बिंदाडीह (डांगापाड़ा) से देवपुर होते हुए कोटलपोखर(साहिबगंज) जाने वाले है,इसकी सूचना पाते ही तुरंत रात्रि गस्ती दल में एएसआई शौकत अली अंसारी को दी गई,थाना प्रभारी के निर्देश पर एएसआई शौकत अली अंसारी ने रात्रि 10.30 बजे देखा की कुछ कोयला तस्कर बिंदाडीह की तरफ आ रहे है और जब इनका पीछा किया गया तो कोयला तस्कर अपनी मोटरसाइकिल छोड़ भागने लगे लेकिन मुस्तैद हिरणपुर पुलिस ने दौड़ा कर दो कोयला तस्कर को पकड़ने में सफलता पाई और पकड़कर हिरणपुर थाना ले आई,मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है, करवाई को आगे बढ़ाते हुए हिरणपुर पुलिस ने कांड संख्या 128/ 22 दिनांक 15/10/2022 धार379/411/34 भा0द0वी0 के प्राथमिकी अभियुक्त 1.शिवचरण साहा उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय बद्रीनाथ शाह 2. नरेश साहा उम्र 25 वर्ष पिता स्वर्गीय सुधीर साहा दोनों साकिन पत्तरापाड़ा थाना लिट्टीपाड़ा जिला पाकुड़ को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।



## आपकी योजना, आपकी सरकार- आपके द्वार कैम्प के माध्यम से बसंतपुर पंचायत के 11 मजदूरों को ऑन स्पॉट बना जॉब कार्ड

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़ जिला मैं आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को हो रहा है लाभ, ऑन द स्पॉट हो रहा समस्याओं का समाधान और मिल रहा है योजनाओं का लाभ।
सरकार व प्रशासन का उद्देश्य है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले। जिससे कि समाज के साथ-साथ जिले व समस्त राज्य का विकास सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में पाकुड़िया प्रखंड के बसंतपुर पंचायत में आयोजित "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत शिविर में पहुंचे लाभुक श्रीधरपाड़ा गांव के साजेन कुनाई, राजेन कुनाई, सोला गांव की मेनोका बीबी, पारुल बीबी, कलीमुद्दीन शेख, मन्नान शेख, नसीरुद्दीन शेख एवं मुगाडांगा गांव के माईकल बेसरा, चेनागड़िया गांव की पिंकी मरांडी, बसंतपुर गांव के नुदीनाथ टूडू एवं खागाचुआं गांव के पानसुरी बेसरा को मनरेगा अंतर्गत मिला जॉब कार्ड, सभी लाभुक अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेरा जॉब कार्ड बन गया इसके लिए राज्य सरकार व जिला प्रशासन को बहुत बहुत धन्यवाद।



### आशा किरण बारला ने 4थी यूथ एशियन एथलेटिक्स में 800 मी. का जीता स्वर्ण

## 800मी. एशियन एथलेटिक्स में नया रिकार्ड बनाया

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राज कुमार भगत**

पाकुड़। एशियन एथलेटिक्स संघ द्वारा 13 से 16 अक्टूबर तक कुवैत में आयोजित 4थी एशियन यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गुमला की आशा किरण बारला ने 800 मी. के फाइनल में 2:06.79 से० के साथ 4थी एशिया यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप नया रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता है।आशा किरण बारला बोकारो स्थित भाटिया अकादमी में आशू भाटिया के अधीनस्थ प्रशिक्षणरत प्राप्त करती हैं।जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार झा, पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी दा पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव व झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव रणवीर सिंह जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेन्दू शेखर गांगुली, जिला एथलेटिक्स संघ, वरीय उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल ,सुजीत विद्यार्थी ,एम.डी फरीद, पंकज अग्रवाल, नारायण चंद्र रॉय, अशोक कुमार सिन्हा,कृष्णा कुमार,एम.डी शकील हक, राजा मुर्मू ,प्रवीण कुमार, सेलजीत सनत, दीपक सिंह, तथा विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारियों तथा खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।



## हर्ष उल्लास के साथ मने पर्व-त्योहार, नागरिक सुविधाओं में न हो कमी : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने दीपावली एवं छठ पूजा आदि पर्वो के सुचारू आयोजन के लिए दिए दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आहूत प्रदेशस्तरीय बैठक में आगामी दीपावली एवं छठ पूजा पर्व के सुचारु आयोजन, अतिवृष्टि के बीच राहत कार्यों को तेज करने, आम जन को स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभ उपलब्धता आदि महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (क्षेत्र), समस्त पुलिस आयुक्त (कानपुर, गौतमबुद्धनगर, वाराणसी लखनऊ), पुलिस महानिरीक्षक (क्षेत्र), पुलिस उप महानिरीक्षक (परिक्षेत्र), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर आयुक्त, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी, जिला स्तर पर तैनात अधीक्षण, अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता (विद्युत) आदि अधिकारियों की सहभागिता रही।

बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

बेहतर कानून-व्यवस्था, सतत संवाद और सभी वर्गों से मिल रहे सहयोग का ही परिणाम है कि हाल के वर्षों में प्रदेश में सभी पर्व-त्योहार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो रहे हैं। रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, दुगार्पूजा, दशहरा और श्रावणी मेले हों या फिर ईद, बकरीद, बरावफात, मुहर्रम आदि पर्व, हर पर्व-त्योहार पर प्रदेश में सुखद माहौल रहा। बेहतर टीमवर्क और जनसहयोग का यह क्रम सतत जारी रखा जाए।

आने वाले दिनों में दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज, देवोत्थान एकादशी, अयोध्या दीपोत्सव, वाराणसी देव दीपावली और छठ महापर्व जैसे विशेष त्योहार हैं। इसके अलावा बलिया का ददरी मेला, अयोध्या में पंचकोसी, 84 कोसी परिक्रमा, प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा स्नान, हापुड़ का गढ़मुक्तेश्वर मेला आदि मेलों का आयोजन भी इसी अवधि में है। लगभग ढाई साल के बाद सामान्य हुई स्थितियों के बाद इस बार त्योहारों में लोगों में अधिक उल्लास होना स्वाभाविक है। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत यह समय संवेदनशील है। अतः हमें सतत सतर्क-सावधान रहना होगा।

हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए।

दीपावली के अवसर पर माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना की भी परंपरा है। धार्मिक परंपरा/आस्था को सम्मान दें। प्रतिमा विसर्जन के लिए नदियों के स्थान पर तालाबों के प्रयोग के लिए लोगों को जागरूक करें।

दीपावली के लिए पटाखों की दुकानों/गोदामों का आबादी से दूर होना सुनिश्चित कराएं। जहां पटाखों का क्रय/विक्रय हो, वहां फायर टेंडर के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। पुलिस बल की सक्रियता भी बनी रहे। पटाखों की दुकान खुले स्थान पर हो। इन्हें लाइसेंस/एनओसी समय से जारी कर दिया जाए। पर्यावरण और हम सभी के स्वास्थ्य की दृष्टि से अति संवेदनशील पटाखों के क्रय-विक्रय को हतोत्साहित किया जाए।

थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में समाज के प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। लोगों के लिए सकारात्मक संदेश जारी कराएं।मीडिया का सहयोग लें, ताकि शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे।

छोटी सी घटना लपरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले सकती है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। त्वरित कार्यवाही और संवाद-संपर्क अप्रिय घटनाओं को संभालने में सहायक होती है। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर बिना विलंब किए, जिलाधिकारी/पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी खुद मौके पर पहुंचे। संवेदनशील प्रकरणों में वरिष्ठ अधिकारी लीड करें।

पर्व और त्योहार खुशियों का अवसर होते हैं। हर व्यक्ति उल्लास-उमंग और आह्लाद में होता है। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की

## वित्तीय साक्षरता दीदियों का छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड/सदर प्रखण्ड परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जेएसएलपीएस पाकुड़ की वित्तीय साक्षरता दीदियों का छः दिवसीय दो आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल देर शाम समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला अग्रणी प्रबंधक सह प्रभारी निदेशक आरसेटी पाकुड़, श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक आरसेटी पाकुड़ ,अमित कुमार बर्धन, जेएसएलपीएस के प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक और प्रखण्ड परियोजना पदाधिकारी क्रमश श्री हितेंद्र चौबे और कुंदन कापड़ी ने सम्मिलित रूप से 22 और 21 सफल प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र और प्रशिक्षण किट का वितरण किए। मनोज कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक समीक्षा करते हुए वित्तीय योजना के महत्व को बताए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिला सशक्तिकरण का दौर हैं। महिलाएं अपनी पहचान खुद बन रही है। उन्होंने वित्तीय समावेशन के विभिन्न पहलुओं को जानकारी दी। अमित कुमार बर्धन ने कहा कि आर्थिक प्रगति करने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के तहत वयस्क शिक्षा,प्रभावी संचार कौशल, बचत, ऋण, खर्च, जीवन के जरूरत और चाहत में संतुलन करना, बैंकिंग, भुगतान प्रणाली, निवेश, बीमा, सामाजिक सुरक्षा, पूंजी निर्माण, मनरेगा, अटल पेंशन योजना, आदि की जानकारी दी गई हैं।
श्री हितेंद्र चौबे और कुंदन कापरी ने दीदियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समूह के महिलाओं की जिम्मेदारी बहुत विस्तृत हो गई हैं। आरसेटी ने दीदियों को प्रशिक्षक बनाने का प्रशिक्षण दिया हैं।
इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर भारतीय स्टेट बैंक के वित्तीय सलाहकार श्री कृष्ण कुमार गुप्ता थे।
आज के कार्यक्रम में आरसेटी के संकाय वापी दास, कार्यालय सहायक शिबू कुनाई और संजीव कुमार मुर्मू उपस्थित थे।



## झिकरहटी पाकुड़ मुख्य सड़क है बेहाल, सड़क हो चुकी है गड्ढे में तब्दील

### सड़क की दुर्दशा के कारण ग्रामीणों को करना पड़ता है काफी दिक्कतों का सामना

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट यासिर अराफात**

पाकुड़/ झिकरहटी पाकुड़ मुख्य सड़क का हाल इन दिनों बेहाल हो चुका है। झिकर हटी पंचायत जोकि पाकुड़ जिला की बहुत बड़ी पंचायत है, जिसमें 4 पंचायत आता है झिकरहटी पूर्वी झिकरहटी पश्चिम, उदयनारायणपुर तथा किस्मत कदमसार। इन पंचायतों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क झिकर हटी पाकुड़ मुख्य सड़क है। इस सड़क को यहां की जनता की लाइफ लाइन भी कह सकते हैं। परंतु इन दिनों यह सड़क बदहाली का आंसू बहा रही है। आज से करीब पिछले 5 साल पहले इस सड़क का निर्माण हुआ था परंतु यह सड़क 5 साल के अंदर ही गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। उक्त पंचायतों के ग्रामीणों से जब इस सड़क के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उक्त सड़क हमारे लिए लाइफ लाइन है। इस सड़क की खराब दुर्दशा के कारण यहां के मरीज को पाकुड़ अस्पताल ले जाना भी भारी मुश्किल का काम बन चुका है। कई बार गर्भवती महिला को पाकुड़ ले जाने के क्रम में रास्ते में ही डिलीवरी हो चुकी है। कुछ ग्रामीणों का यह भी कहना है कि 5 साल पहले जब इस सड़क का निर्माण हुआ था उस निर्माण के क्रम में भारी अनियमितता बरती गई थी। संवेदक के द्वारा भारी भरकम घोटाला किया गया था। जिसके कारण सड़क 5 साल भी नहीं टिक पाई। ग्रामीणों ने प्रशासन तथा मंत्री आलमगीर आलम से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण हो। ताकि यहां की जनता को पाकुड़ आने जाने के क्रम में कोई दिक्कत ना हो।



### पाकुड पॉलिटेक्निक में शुरू होगी बी सी ए की पढ़ाई, छात्रों एवं अभिभावकों में खुशी

## सरकार की ओर से ई कल्याण स्कॉलरशिप की व्यवस्था लागू

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राज कुमार भगत**

पाकुड़ जिले के गौरव को बढ़ाता हुआ सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए पाकुड़ जिला मुख्यालय में अब "बीसीए" ( बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) का पाकुड़ पॉलिटेक्निक में अध्ययन एवं अध्यापन कार्य जल्द प्रारंभ होगी।इसे लेकर छात्रों एवं अभिभावकों में खुशी है। पाकुड जिले के एकमात्र पाकुड़ पॉलिटेक्निक कालेज मे पॉलिटेक्निक के साथ साथ अब बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की पढ़ाई प्रारंभ होगी। जिले का पहला संस्थान होगा जहां "बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्पलीकेशन ( बी सी ए)" की पढ़ाई होगी।
कोर्स की विधिवत शुरूआत करते हुए संस्थान के निदेशक अभिजीत कुमार ने प्रेस वार्ता में कहा कि काफी खर्च करते हुए बड़ी संख्या बीसीए की पढ़ाई करने के लिए छात्र जिले तथा राज्य से बाहर जाते हैं। इस कारण हमने अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बीसीए की पढ़ाई पाकुड़ में शुरू किया है। यह 3 वर्षीय कोर्स झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी ( जे यू टी ) रांची से एफिलिएटेड है। कोर्स करने के बाद रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रप्त होगें ।संस्थान के शासी निकाय की सदस्या श्रीमती रेणुका यशस्वी ने कहा कि हमारा विशेष ध्यान जिले की उन प्रतिभाशाली लड़कियों पर भी होगी जो किसी भी कारण से उच्च शिक्षा के लिए जिले से बाहर नही जा पातीं हैं। नामांकन की जानकारी देते हुए संस्थान के मुख्य प्रशाशनिक अधिकारी निखिल चंद्र ने बताया कि बी सी ए कोर्स में सत्र 2022-23 नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इंटर पास कोई भी छात्र जिनका एक विषय गणित होगा दाखिला ले सकते है। कुल 60 सीटों में नामांकन फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व की तर्ज पर लिया जाएगा। जिसमें 30 सीटों पर लड़कियों का नामांकन सुनिश्चित है। स्थानीय छात्र छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। 1 वर्ष में नामांकन एवं अन्य शुल्क सहित ₹40000 के खर्च आएंगे। छात्रावास में रहने वाले के लिए अलग से शुल्क देय होगा। इस कोर्स के लिए झारखंड सरकार के तरफ से ई-कल्याण स्कॉलरशिप की भी व्यवस्था है। एससी एसटी एवं ओबीसी इसका लाभ ले सकते हैं। संस्थान के प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर एस बी त्रिपाठी ने पाकुड़ पॉलिटेक्निक में अभी तक हुए प्लेसमेंट की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ सरोज कुमार पढ़ी, उप-प्राचार्य डॉ ऋषिकेश गोस्वामी एवम परीक्षा नियंत्रक अमित रंजन उपस्थित थे।




## जिला वॉलीबॉल संघ की वार्षिक बैठक रेलवे मैदान पाकुड़ में संपन्न हुई

**दैनिक समाज जागरण संवादाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)**

जिला वॉलीबॉल संघ की वार्षिक बैठक संघ के उपाध्यक्ष संजय कुमार ओझा की अध्यक्षता में रेलवे मैदान पाकुड़ में संपन्न हुई।वार्षिक बैठक में प्रमुख रूप से नेहरू युवा केंद्र संगठन पाकुड़ के जिला युवा पदाधिकारी शुभम चंद्रन, जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव-सह-प्रदेश उपाध्यक्ष हिसाबी राय,सह सचिव अनिकेत गोस्वामी,पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के सचिव रणवीर सिंह उपस्थित थे।बैठक में सर्वप्रथम मां शारदे,भारत माता तथा स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ,सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया गया।इसके उपरांत मंचासीन सभी अतिथियों का बारी-बारी से माल्यार्पण कर अंग वस्त्र पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया।बैठक में पिछले दिनों बोकारो में संपन्न झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन की बैठक में पारित विभिन्न प्रस्तावों की जानकारी उपस्थित सभी खिलाड़ियों सहित पदाधिकारियों को दी गई।बैठक में सर्वप्रथम झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव शेखर बोस को पाकुड़ जिला से दिए गए प्रस्ताव क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता की प्रमंडलीय बार आयोजित करने हेतु आभार व्यक्त किया गया साथ ही नए प्रदेश कार्यसमिति में पाकुड़ जिला को स्थान देने हेतु भी धन्यवाद ज्ञापन किया गया।प्रदेश की ओर से आने वाले दिनों में प्रदेश एवं क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले अंतर जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में सभी जिलों के खिलाड़ियों का भाग लेना अनिवार्य किया गया है।इस प्रतियोगिता में यूथ चैंपियनशिप, जूनियर चैंपियनशिप,सब जूनियर चैंपियनशिप,मिनी चैंपियनशिप तथा सीनियर स्टेट चैंपियनशिप आयोजित होना है।बैठक में युवा को प्रोत्साहित करने के लिए मंचासीन संजय कुमार ओझा,रणवीर सिंह,संजय कुमार यादव, विजय कुमार राय एवं प्रसन्ना शंकर मिश्रा ने संबोधित किया।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन पाकुड़ के युवा पदाधिकारी शुभम चंद्रन ने कहा कि जिला वॉलीबॉल संघ वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए साल भर प्रतियोगिताएं आयोजित करती रहती है।जिससे खिलाड़ियों में जोश और उमंग हमेशा भरा रहता है।पाकुड़ के खिलाड़ी पाकुड़ में ही नहीं बल्कि पाकुड़ से बाहर जाकर भी अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हैं और पाकुड़ जिले को गौरवान्वित करते हैं।नेहरू युवा केंद्र संगठन खेल और खिलाड़ियों के बेहतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है और खेल के माध्यम से हम अपने स्वास्थ्य के साथ समाज में भी एक उत्तम वातावरण का निर्माण कर सकते हैं।खेल खेलने से हमें अच्छा आचरण और सभी के साथ मिलकर रहने का एक अच्छा तरीका सीखने को मिलता है।
बैठक के अंत में सचिव हिसाबी राय ने बैठक को संबोधित किया तथा बैठक में उपस्थित सभी महानुभावों का धन्यवाद कर वार्षिक बैठक कि समापन की घोषणा किया।
उक्त वार्षिक बैठक में राणा शुक्ला, सादेकुल आलल,तन्मय पोद्दार,राजू साहा, विजय कुमार भंडारी,लाल्टू भौमिक,अजीत मंडल,अविनाश पंडित सफीउर रहमान,अमर कुमार मल्होत्रा अक्षय चौरसिया,मुन्ना रविदास,नंदन सिंह,उजय राय,अलाउद्दीन शेख,राहुल मंडल,अभिषेक भगत,ओमप्रकाश नाथ,जितेश रजक,सोहेल अंसारी, मनीष सिंह,संजय राय,नीतीश राम, रोहित सिंह सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

